# नगर परिषद परवाणू, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01.4.2013 से 31.03.2015

### भाग—एक

1 **(क) प्रारम्भिकः—**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1—376/81—फिन(एल0ए0) —खण्ड—IV दिनांक 18.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद परवाणू, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य किया गया।

**वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न प्रधान तथा कार्यकारी अधिकारी नियन्त्रक, आहरण व संवितरण अधिकारी के पद पर कार्यरत्त रहे।**

| **अवधि** | **अध्यक्ष का नाम** | **कार्यकारी अधिकारी का नाम** |
|---|---|---|
| 1.4.13 से 31.3.15 तक | श्रीमती डेजी ठाकुर | श्री अजमेर ठाकुर |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—**

| **क्र0सं0** | **गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त सार** | **पैरा सं0** | **राशि ₹ लाख** |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुदान की धनराशि व्यय/उपयोग हेतु शेष | 5 (1) | 46.40 |
| 2 | स्वर्ण जयन्ती स्वरोजगार योजना (SJSRY) की अनुदान धनराशि का समय से उपयोग न करना | 5 (2) | 1.17 |
| 3 | राजीव आवास योजना (RAY) की अनुदान धनराशि का समय से उपयोग न करने के कारण सम्बन्धित लाभार्थियों को लाभों से वंचित करना | 5 (3) | 1.06 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | UIDSSMT (Water Supply Scheme for Parwanoo town) हेतु प्राप्त अनुदान धनराशि को समय से उपयोग करने की अपेक्षा लगभग एक वर्ष तक बैंक खाते में जमा रखने के कारण निधि को अवरूद्ध करना | 5 (4) | 327.40 |
| 5 | वित्तीय कुप्रबन्धन के कारण ब्याज की हानि | 6 | 0.56 |
| 6 | गृहकर, सफाई व व्यापार कर की वसूली शेष | 8 | 76.07 |
| 7 | गृहकर की दर में वृद्धि न करने कारण वित्तीय हानि | 8 (1) | 248.73 |
| 8 | दुकानों के देय किराए की वसूली हेतु शेष | 9 | 3.02 |
| 9 | सहायक आयुक्त (प्रोटोकोल) से किराये की राशि की वसूली न करना | 10 | 28.49 |
| 10 | मोबाईल टॉवर शुल्क की राशि वसूली हेतु शेष | 13 | 1.30 |
| 11 | सामान्य भविष्य निधि से सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बगैर अनियमित भुगतान | 16 | 1.34 |
| 12 | लोक सम्पर्क विभाग, हि0प्र0 के माध्यम की अपेक्षा सीधे तौर पर समाचार पत्रों को दिए गए विज्ञापनों पर अनियमित व्यय | 19 | 1.14 |
| 13 | निर्माण कार्यों को तीन/पाँच लाख से कम भागों में बाँटने के कारण राशि का अनियमित भुगतान करना | 21 | 94.13 |
| 14 | सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना निर्माण कार्य की Deviation का ठेकेदारों को अनाधिकृत भुगतान | 24 | 2.58 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण के **परिशिष्ट "क"** पर दर्शाई गई है। प्रायः यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी जो अत्यन्त चिन्ता का विषय है। अतः नगर परिषद द्वारा इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई करनी सुनिश्चित करें व अनुपालना से यथा समय इस विभाग को अवगत करें ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

**भाग—दो**

2 **वर्तमान अंकेक्षणः–**

नगर परिषद परवाणू के अवधि 1.4.2013 से 31.3.2015 तक के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण दिनांक 20.3.2015 से 20.6.2015 तक श्री हेम राज भारद्वाज, सहायक नियन्त्रक द्वारा नगर परिषद परवाणू स्थित कार्यालय में किया गया। विस्तृत जाँच हेतु आय के लिए माह 7/2013 तथा 4/2014 एवं व्यय के लिए 4/2013 तथा 3/2015 का चयन किया गया जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया। आगामी पैराग्राफों में दर्शाए गए अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया।

वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण नगर परिषद कार्यालय परवाणू द्वारा उपलब्ध करवाए गए अभिलेख व सूचनाओं पर आधारित है अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के गलत होने, अपूर्ण होने अथवा उपलब्ध ही न होने की अवस्था में इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रकार के प्रभाव हेतु स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश उत्तरदायी नहीं होगा तथा इस विभाग का उत्तरदायित्व केवल अंकेक्षण हेतु चयनित मासों तक ही सीमित है।

3 **अंकेक्षण शुल्कः–**

अवधि 4/2013 से 3/2015 तक के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण शुल्क ₹59000/– आंका गया जिसे रेखाकिंत बैंक ड्राफ्ट द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–09 को अदा करने हेतु कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद परवाणू से सहायक नियन्त्रक (ले0प0) की अंकेक्षण अधियाचना संख्या 72/2015 दिनांक 17.6.15 द्वारा अनुरोध किया गया जिसके प्रतिउत्तर में कार्यकारी अधिकारी द्वारा अंकेक्षण एवं निरीक्षण शुल्क ₹59000/– की राशि को स्टेट बैंक ऑफ पटियाला परवाणू के डिमांड ड्राफ्ट संख्या 761712 दिनांक 18.6.15 के माध्यम से पंजीकृत पत्र संख्या MCP/PWN/2015-1207-08 दिनांक 18.6.15 द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–9 को भेज दिया गया है।

4 **वित्तीय स्थितिः–**

नगर परिषद परवाणू की अवधि 4/2013 से 3/2015 तक के लेखाओं पर आधारित वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| वित्तीय वर्ष | लेखा शीर्ष | आरम्भिक शेष (₹) में | आय/ प्राप्तियाँ (₹) में | कुल योग (₹) में | व्यय (₹) में | अन्तिम शेष (₹) में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्व स्त्रोत | 18065495.89 | 44473097 | 62538592.89 | 62392597.13 | 145995.76 |
| 2013–14 | अनुदान | 2349438.00 | 20447453 | 22796891.00 | 13617501.00 | 9179390.00 |
| | **कुल जोड़** | **20414933.89** | **64920550** | **85335483.89** | **76010098.13** | **9325385.76** |
| | स्व स्त्रोत | 145994.76 | 36640906 | 36786901.76 | 36563237.84 | 223663.92 |
| 2014–15 | अनुदान | 9179390.00 | 53379531 | 62558921.00 | 57918571.00 | 4640350.00 |
| | कुल जोड़ | 9325385.76 | 90020437 | 99345822.76 | 94481808.84 | 4864013.92 |
| | दिनांक 31.3.15 को वित्तीय स्थिति/रोकड़ बही के अनुसार शेष | | | | | ₹4864013.92 |
| | दिनांक 31.3.15 को बैंक खातों के अनुसार शेष (**परिशिष्ट "ख"** के अनुसार) | | | | | ₹5367092.92 |
| | दिनांक 31.3.185 को वित्तीय स्थिति एवं बैंक खातों में दर्शाए गये शेषों में अन्तर (5367092.92–4864013.92) | | | | | 503079 |

**बचत खातों में दिनांक 31.3.15 को अन्तिम शेष का विवरण**

| क्रमाँक | बैंक का नाम | खाता संख्या | अन्तिम शेष (₹) में |
|---|---|---|---|
| 1 | TDRs in Bank | | शून्य |
| 2 | SBOP | 55090327147 | 1900650.49 |
| 3 | SBOP | 55090327169 | 16975.41 |
| 4 | PNB | 29120001000143856 | 81414.90 |
| 5 | CBI | 3271908498 | 25133.00 |
| 6 | SBI | 30102209380 | 27497.00 |
| 7 | JCCB | 11432 (old)<br>101534029000065 (New) | 665927.95 |
| 8 | Canara Bank | 3237101000093 | 135498.00 |
| 9 | BOB | 12800100011172 | 1229619.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | HDFC Bank | 21031450000044 | 1230142.17 |
| 11 | UCO Bank (SWM) | 15954 | 54235.00 |
| | | **कुल जोड़** | **5367092.92** |

(A) Bank Reconciliation Statement AS on 31.03.15

Closing Balance as per Cash Book/Financial Position ₹4864013.92

ADD Cheques issued but not presented for payments till 31.03.15 (As per **Annexure "ख"**

1) SBOP A/C 55090327147 3500

2) JCCB A/C 101534029000065 2472

3) BOB A/C 12800100011172 497107 503079

**Balance in Blanks as per saving A/C & FDRS** **₹5367092.92**

## 5 अनुदानः—

कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट "ग"** के माध्यम से अंकेक्षण को अवधि 4/2013 से 3/2015 के दौरान अनुदान की प्राप्तियों एवम व्यय से सम्बन्धित उपलब्ध करवाए गए विवरण का सम्बन्धित अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने पर निम्नलिखित अनियमितताऐं पाई गईः—

### (1) ₹46.40 अनुदान की धनराशि 31.3.2015 को व्यय/उपयोग हेतु शेषः—

नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को **परिशिष्ट "ग"** द्वारा उपलब्ध करवाई गई अनुदानो की विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि दिनांक 31.3.2015 को ₹4640350 की अनुदान राशि व्यय/उपयोग हेतु शेष थी। अतः इन अनुपयोग अनुदान राशियों को सक्षम प्राधिकारी से उपयोग की समय बढ़ौतरी प्राप्त कर उन्ही उद्देश्य हेतु खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए जिस उद्देश्य हेतु इन्हें स्वीकृत किया गया था।

### (2) स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना (SJSRY) की ₹1.17 लाख की अनुदान धनराशि का समय से उपयोग न करनाः—

स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना (SJSRY) से सम्बन्धित अनुदान व खर्च की गई धनराशि बारे विश्लेषण निम्न प्रकार से हैः—

| वित्तीय वर्ष | अनुदान का आरम्भिक शेष (₹) में | वित्तीय वर्ष में अनुदान से प्राप्त धनराशि (₹) में | अनुदान से उपलब्ध कुल धनराशि (₹) में | वित्तीय वर्ष में अनुदान से कुल व्यय (₹) में | अनुदान की अनुपयोग धनराशि का अन्त शेष (₹) में | वित्तीय वर्ष में अनुदान से कुल व्यय की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | 54134 | 3361 | 574951 | शून्य | 57495 | 0% |
| 2014–15 | 57495 | 59620 | 117115 | शून्य | 117115 | 0% |

उक्त विश्लेषण से स्पष्ट विदित होता है कि SJSRY योजना हेतु उपलब्ध धनराशि में से वित्तीय वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में शून्य धनराशि ही खर्च की गई इस प्रकार उपलब्ध धनराशि का 100% उपयोग न करने के कारण ₹1.17 लाख की सरकारी निधि अवरूद्ध हुई जिसके परिणामस्वरूप सरकार की विकासात्मक योजनाओं से प्राप्त होने वाले लाभों से वंचित होना पड़ा। यह स्थिति निदेशक व सचिव, स्थानीय शहरी निकायें, हिमाचल प्रदेश के ध्यान में अनुदानों की धनराशि का उपयोग समयानुसार सुनिश्चित करवाए जाने हेतु लाई जाती है।

**(3) राजीव आवास योजना (RAY) के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान धनराशि ₹1.06 लाख को समय से उपयोग न करने के कारण सम्बन्धित लाभार्थियों को लाभें से वंचित करनाः–**

राजीव आवास योजना (RAY) से सम्बन्धित उपलब्ध अनुदान व खर्च की गई धनराशि बारे विश्लेषण निम्न प्रकार से थाः–

| वित्तीय वर्ष | अनुदान का आरम्भिक शेष (₹) में | वित्तीय वर्ष में अनुदान से प्राप्त धनराशि (₹) में | अनुदान से उपलब्ध कुल धनराशि (₹) में | वित्तीय वर्ष में अनुदान से कुल व्यय (₹) में | अनुदान की अनुपयोग धनराशि का अन्त शेष (₹) में | वित्तीय वर्ष में अनु.दान से कुल व्यय की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | 106000 | शून्य | 106000 | शून्य | 106000 | 0% |
| 2014–15 | 106000 | शून्य | 106000 | शून्य | 106000 | 0% |

उक्त विश्लेषण से स्पष्ट विदित होता है कि RAY योजना हेतु उपलब्ध धनराशि में से वित्तीय वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में शून्य धनराशि ही खर्च की गई जबकि यह धनराशि परिषद द्वारा दिनांक 28.4.11 को प्राप्त की गई थी। इस प्रकार उपलब्ध धनराशि का लगभग चार वर्षों से 100% उपयोग न करने के कारण ₹1.06 लाख की सरकारी निधि अवरूद्ध हुई

जिसके परिणामस्वरूप सरकार की विकासात्मक योजनाओं से प्राप्त होने वाले लाभों से वंचित होना पड़ा। यह स्थिति निदेशक/सचिव, स्थानीय शहरी निकायें, हिमाचल प्रदेश के ध्यान में अनुदानों की धनराशि का उपयोग समयानुसार सुनिश्चित करवाए जाने हेतु लाई जाती है।

**(4) UIDSSMT (Water Supply Scheme for Parwanoo town) हेतु प्राप्त अनुदान राशि ₹327.40 लाख को समय से उपयोग करने की अपेक्षा लगभग एक वर्ष तक बैंक खाते में जमा रखने के कारण निधि को अवरूद्ध करनाः–**

निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या ULB-H (C) –(10)-10/90-311-323 दिनांक 3.4.2014 द्वारा परिषद को ₹327.24 लाख की अनुदान राशि UIDSSMT योजना के अन्तर्गत परवाणु शहर के लिए Water Supply Scheme हेतु स्वीकृत की गई थी जोकि जी–8 संख्या 08–353 दिनांक 7.4.14 के माध्यम से प्राप्त की गई थी। इस राशि को अल्पकालिक सावधिक जमा में निवेशित रखा गया। तदोपरान्त राशि को हिमुडा परवाणु के पास Deposit कार्य के विरूद्ध पत्र संख्या MC/PWN/2014-26-27 द्वारा दिनांक 15.1.2015 को जमा करवाया गया। वर्णित तथ्यों से स्पष्ट विदित होता है कि अनुदान धनराशि को समय से उपयोग करने की अपेक्षा लगभग एक वर्ष तक बैंक खाते में जमा रखने के कारण निधि को अवरूद्ध किया गया जोकि गम्भीर अनियमितता है। जिसका पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा परामर्श दिया जाता है की अनुपयोग अनुदान राशि को सक्षम प्राधिकारी से उपयोग की समय बढ़ौतरी प्राप्त कर उसी उद्देश्य हेतु खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए जिस उद्देश्य हेतु इसे स्वीकृत किया गया था। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(5) अनुदान रजिस्टर का उचित अनुरक्षण व अद्यतन न करनाः–**

नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण की अवधि 4/2013 से 3/2015 के दौरान अनुदान रजिस्टर का नियमानुसार उचित अनुरक्षण व अद्यतन नहीं किया गया था अर्थात इसमें प्रत्येक शीर्ष के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान में से किए गए व्यय का विस्तृत विवरण नहीं रखा गया था जिसके अभाव में अनुदान से किए गए व्यय व तदानुसार जारी उपयोगिता प्रमाण पत्रों की अंकेक्षण में सत्यापना नहीं की जा सकी। इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए तथा अनुदान रजिस्टर का नियमानुसार उचित अनुरक्षण व अद्यतन करना सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6 निवेशः–**

अंकेक्षण अवधि के अन्त में विभिन्न खातों में निवेशित राशि का विवरण **परिशिष्ट "ख"** में दिया गया है। अंकेक्षण अवधि के दौरान निवेश से सम्बन्धित पाई गई अनियमितताएं निम्न प्रकार से है जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**वित्तीय कुप्रबन्धन के कारण ब्याज राशि ₹0.56 लाख की हानिः–**

सावधिक जमा लेखों का सम्बन्धित अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने पर पाया गया कि परिषद द्वारा स्टेट बैंक ऑफ पटियाला की अपेक्षा बैंक ऑफ बड़ोदा में एक ही तिथि को एक समान अवधि के लिए कम ब्याज दर पर राशि सावधिक जमा में निवेशित की जिसके कारण निम्न विवरण अनुसार ₹55619/– की ब्याज से आय की हानि उठानी पड़ी। अतः बैंक ऑफ बड़ोदा में कम ब्याज दर पर सावधि जमा में निवेश के कारणों को स्पष्ट करते हुए ब्याज के रूप में कम प्राप्ति की वसूली उचित स्त्रोत से करना सुनिश्चित करें। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| निवेश तिथि | सावधिक जमा रसीद संख्या | निवेशित राशि | निवेश अवधि | BOB द्वारा दिए गए ब्याज की दर | SBOP द्वारा दिए गए ब्याज की दर | ब्याज की दर में अन्तर | ब्याज से आय की हानि | सावधिक जमा रजिस्टर पृ0सं0 व क्रमाँक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16.4.14 | 803749 | 31.35 लाख | 8 महीने | 6.50% | 8.25% | 1.75% | 36715 | 40 व 35 |
| 4.10.14 | 1280030 0008101 | 1.00 करोड़ | 46 दिन | 6.50% | 8.00% | 1.50% | 18904 | 42 व 44 |
| | | | | | **कुल जोड़** | | **55619** | |

**7 दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों/वर्गीकृत खाता बहियों का रख रखाव न करनाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि परिषद द्वारा दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों/वर्गीकृत खाता बहियों का रख रखाव नहीं किया जा रहा था जबकि निदेशक, शहरी

विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा दिनांक 1.4.09 से दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों का रख रखाव करने के निर्देश दिए गए थे। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा 7 में भी इस अनियमितता का उल्लेख होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही न करना एक गम्भीर चिन्ता का विषय है। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा अपेक्षित अभिलेख को तैयार करना सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित रजिस्टर/अभिलेख का भी परिषद द्वारा रख रखाव नहीं किया गया था।

1 कॉन्ट्रेक्टर लैजर

2 निर्माण कार्य रजिस्टर

## 8 गृहकर, सफाई व व्यापार कर की राशि ₹76.07 लाख वसूली हेतु शेषः–

**परिशिष्ट "घ"** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना व निम्न विवरण अनुसार ₹7607435 की राशि दिनांक 31.3.15 को गृह कर, सफाई कर व व्यापार कर की वसूली हेतु शेष थी। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि 24 प्रकरणों में ही गृह कर व सफाई कर की ₹65.58 लाख की राशि वसूली हेतु शेष थी तथा इनमें से भी कई प्रकरणों में पिछले 2–10 वर्षों से कोई वसूली नहीं की गई थी (**परिशिष्ट संख्या "ङ"**) जबकि व्यापार कर के प्रकरण में वार्षिक माँग 20000 के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2013–14 में केवल ₹550 3**%** तथा वित्तीय वर्ष 2014–15 में ₹2850/– की ही वसूली हुई थी जोकि नगण्य है। (**परिशिष्ट संख्या "घ"**) तथा इसके कारण वसूली योग्य राशि प्रतिवर्ष बढ़ती ही जा रही है। इसके अतिरिक्त परिषद द्वारा गृहकर की वसूली हेतु अन्तशेष की उपलब्ध करवाई गई सूचना भी सही प्रतीत नहीं होती क्योंकि सूचित अधिशेष से अधिक राशि तो वर्णित 25 प्रकरणों में ही बनती है। अतः वर्णित शेष राशि की वसूली हेतु विशेष पग उठाया जाने के साथ–साथ अभिलेख का अद्यतन करते हुए अन्तशेष की सही स्थिति परिलक्षित करना भी सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| **क्र0सं0** | **विवरण** | **31.3.15 को वसूली हेतु शेष राशि** |
|---|---|---|
| 1 | गृहकर | 6546014 |
| 2 | सफाईकर | 894421 |
| 3 | व्यापार कर | 167000 |
| | | **7607435** |

## (1) गृह कर की दर में वृद्धि न करने के कारण राशि ₹248.73 लाख की वित्तीय हानिः—

निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या यू0डी0एच0 (सी)(10)—7/98—II दिनांक 17.11.2003 के अनुसार अवधि 2002—03 में 7.5**%** की दर से गृहकर लगाकर इसमें प्रति वर्ष 1**%** की वृद्धि करके अवधि 2006—07 तक गृह कर की दर को 12.5**%** किया जाना अपेक्षित था किन्तु परिषद द्वारा नियमानुसार कोई वृद्धि नहीं की गई जिसके परिणाम स्वरूप परिषद को निम्नविवरण अनुसार ₹24872936 की गृह कर की हानि हुई। इस सम्बन्ध में पूर्व अंकेक्षण अवधि 4/2011 से 3/2013 तक के पैरा 8.3 द्वारा भी परार्श दिया गया था किन्तु उसके बावजूद भी सरकार के निर्देशानुसार कार्रवाई अमल में न लाना गम्भीर अनियमितता है। अतः पुनः परामर्श दिया जाता है कि सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| **वित्तीय वर्ष** | **7.5% की दर से गृहकर की मांग की राशि (₹) में** | **12.5% की दर से गृह कर की अपेक्षित मांग की राशि (₹) में** | **अन्तर (₹) में** |
|---|---|---|---|
| 2013—14 | 18654702 | 31091170 | 12436468 |
| 2014—15 | 18654702 | 31091170 | 12436468 |
| **कुल जोड़** | **37309404** | **62182340** | **24872936** |

## (2) कर सम्बन्धित अभिलेख का अद्यतन न करनाः—

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाए गए अभिलेख के अवलोकन से विदित हुआ कि कर सम्बन्धित अभिलेख का समय—समय पर अध्यतन नहीं किया जा रहा था। गृहकर व सफाई कर के 95**%** प्रकरणों में अंकेक्षण अवधि के दौरान देय कर का निर्धारण व माँग सम्बन्धित रजिस्टर में दर्ज नहीं की गई थी जबकि व्यापार करके प्रकरणों में यह अनियमितता 100**%** पाई गई इससे स्वतः ही स्पष्ट होता है कि परिषद द्वारा अभिलेखों का रख रखाव व अद्यतन नियमानुसार नहीं किया गया था जोकि गम्भीर अनियमितता है। अतः कर अभिलेखों का समय—समय पर नियमानुसार रख रखाव व अद्यतन सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9 दुकानों के देय किराए राशि ₹3.02 लाख वसूली हेतु शेषः—**

**परिशिष्ट "ङ"** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार दुकानों के किराया राशि ₹302314 दिनांक 31.3.15 वसूली हेतु शेष थी। इस राशि की वसूली हेतु तुरन्त विशेष पग उठाये जाने सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9.1** सम्बन्धित अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया कि सभी दुकानों के किरायेदारों के साथ किए गए अनुबन्ध वर्ष 2009 में ही समाप्त हो गये थे इनका समय—समय पर अद्यतन नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त पूर्व में किये गये अनुबन्धों में किराया देरी से जमा करने हेतु न तो कोई दंड का ही प्रावधान था और न ही किराये में समयकालिक वृद्धि का ही, जोकि गम्भीर चूक है जिसके कारण वसूली योग्य राशि प्रतिवर्ष बढ़ती ही जा रही है। अतः इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जाए तथा किराये अनुबन्धों का नियमानुसार समुचित प्रावधानों सहित तुरन्त अद्यतन किया जाना सुनिश्चित किया जाये और अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10 सहायक आयुक्त (प्रोटोकोल) से किराये की राशि ₹28.49 लाख की वसूली न करनाः—**

सहायक आयुक्त (प्रोटोकोल) को नगर परिषद परिसर में माह 10/92 से दो कमरे किराये पर दिए गए थे। नगर परिषद के प्रस्ताव संख्या 7 दिनांक 4.2.2001 के अनुसार अवधि 10/92 से 4/2001 तक के लिए पत्र संख्या MC/PWN/Office/2001-324 दिनांक 17.4.2001 द्वारा राशि ₹1051733/— के देय किराये का बिल सहायक आयुक्त (प्रोटोकोल) को दिया गया था। इस प्रकार अवधि 3/2013 तक ₹2602798/— की राशि वसूली हेतु शेष थी जोकि निम्न विवरण अनुसार अब अंकेक्षण अवधि की समाप्ति तिथि को ₹2849134 शेष बनती है। अतः यह प्रकरण आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यान में लाया जाता है ताकि लम्बे समय से लम्बित किराये की वसूली सुनिश्चित हो सके तथा परिषद की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होः—

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आरम्भिक शेष दिनांक 1.4.13 | 2602798 |
| 2 | अवधि 1.4.13 से 31.3.14 तक देय किराया | 123168 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | अवधि 1.4.14 से 31.3.15 तक देय किराया | 123168 |
| | दिनांक 31.3.15 को देय किराये की कुल राशि | 2849134 |

**11 अस्थाई अग्रिमों की ₹0.32 लाख की राशि समायोजन हेतु शेषः–**

**परिशिष्ट संख्या "च"** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार दिनांक 31.3.15 अस्थाई अग्रिमों की राशि ₹32000/– लगभग पिछले दो वर्षों से समायोजन हेतु शेष थी। लम्बे समय तक अग्रिम राशियों का समायोजन हेतु शेष रहना एक गम्भीर अनियमितता है। इस राशि में ₹30000/– की राशि तो स्थानान्तरण हो चुके कनिष्ठ अभियन्ता से सम्बन्धित है जिसका समायोजन उनके स्थानान्तरण से पूर्व सुनिश्चित न किया जाना भी एक गम्भीर अनियमितता है। अतः समस्त अस्थाई अग्रिम की राशि के समायोजन हेतु नियमानुसार तुरन्त विशेष पग उठाया जाना सुनिश्चित किया जाए। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**12 बिजली उपकर की प्राप्ति न करनाः–**

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या LSG (B) (1)-9/94 दिनांक 8.11.99 एवं हिमाचल प्रदेश म्युनिसिपल अधिनियम की धारा 69 के अनुसार नगर परिषद की सीमा के भीतर उपयोग की गई बिजली पर एक पैसा प्रति यूनिट की दर से बिजली विभाग द्वारा बिजली उपकर प्राप्त करके सम्बन्धित नगर परिषद को अदा करना था। **परिशिष्ट संख्या "छ"** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार परिषद द्वारा वित्तीय वष 2014–15 की अवधि दिनांक 1. 6.14 से 31.3.15 तक का बिजली उपकर प्राप्त नहीं किया गया था जिसकी प्राप्ति सम्बन्धित विभाग से सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**13 मोबाईल टॉवर शुल्क राशि ₹1.30 लाख वसूली हेतु शेषः–**

**परिशिष्ट संख्या "ज"** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार दिनांक 31.3.15 को मोबाईल टॉवर शुल्क की राशि ₹130000/– वसूली हेतु शेष थी। इसके अतिरिक्त मोबाईल टॉवर शुल्क के मांग व संग्रहण रजिस्टर का उचित व स्वतंत्र रूप से रख रखाव तथा अद्यतन नहीं किया गया था। अतः माँग व संग्रहण रजिस्टर का उचित व स्वतंत्र रूप से रख–रखाव तथा उक्त वर्णित राशि की नियमानुसार देय Renewal Fee देय कालिक बढौतरी (Periodic increase) सहित, की वसूली हेतु तुरन्त विशेष पग उठाये जाने सुनिश्चित करें तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**14 पैन्शन व ग्रेच्युटी फंडः–**

अंकेक्षण अवधि के दौरान पैन्शन व ग्रेच्युटी फंड की वित्तीय स्थिति **परिशिष्ट "झ"** के अनुसार निम्न प्रकार से हैः–

| **वित्तीय वर्ष** | **आरम्भिक शेष (₹) में** | **अभिदान/अंशदान राशि (₹) में** | **ब्याज से प्राप्त राशि (₹) में** | **कुल योग (₹) में** | **व्यय (₹) में** | **अन्तिम शेष (₹) में** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2012–13 | 7430716 | 1430820 | 601003 | 9462539 | 348402 | 9114137 |
| 2013–14 | 9114137 | 1914212 | 160241 | 11188590 | 726019 | 10462571 |
| | दिनांक 31.3.15 को वित्तीय स्थिति के अनुसार शेष | | | | | 10462571 |
| | दिनांक 31.3.15 को बैंक खाते के अनुसार शेष | | | | | 10462571 |
| | शेष में अन्तर | | | | | शून्य |

**दिनांक 31.3.15 को बैंक खाते के शेष का विवरण**

| **Name of Bank** | **Type of A/C** | **A/C Receipt No.** | **Amount (₹)** | **FDR Register Page No.** |
|---|---|---|---|---|
| JCCB Parwanoo | Saving | 4209 | 4915359 | |
| -do- | FDR | 039970 | 2549932 | 33 |
| -do | FDR | 134175 | 2997280 | 38 |
| | | **कुल जोड़** | **10462571** | |

**(1) ₹49.15 लाख की राशि को बचत खाते में जमा रखनाः–**

दिनाँक 31.3.2015 को निधि के बैंक बचत खाते में ₹49.15 लाख की बड़ी रकम शेष जमा थी। इस सम्बन्ध में परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में इतनी बड़ी राशि को बचत खाते में जमा रखने की अपेक्षा परिषद की वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये अल्प व दीर्घकालिक सावधिक जमा में निवेशित करने की सम्भावना को तलाशा जाए ताकि निधि से सम्बन्धित गतिविधियों को प्रभावित किए बिना ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके।

**15 अंशदायी पैन्शन योजना के अन्तर्गत कर्मचारियो ंको प्रत्यार्पणीय अग्रिम का अनियमित भुगतान (वाउचर संख्या 8 दिनांक 1.4.13=₹177106)**

चयनित माह के वेतन बिलों का उपलब्ध करवाए गए अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि निम्न वर्णित कर्मचारियो ंके वेतन से अंशदायी पैन्शन योजना से स्वीकृत प्रत्यार्पणीय अग्रिम की वसूली की गई थी। प्रत्यार्पणीय अग्रिमों का विवरण निम्न प्रकार से था।

| क्रमाँक | कर्मचारी का नाम | स्वीकृत अग्रिम की राशि व तिथि | स्वीकृति तिथि को पूर्व स्वीकृत अग्रिम से वसूली हेतु शेष राशि | वसूली हेतु कुल अग्रिम की राशि | वसूल की गई अग्रिम की कुल राशि | दिनांक 31.3.15 को वसूली हेतु अग्रिम की शेष राशि | अग्रिम रजिस्टर पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राम राज, बेलदार | 60000 / 1.1.15 | 5000 | 65000 | 6000 | 59000 | 135 |
| 2 | श्री सुच्चा सिंह, बेलदार | 30000 / 1.10.11 | शून्य | 30000 | 30000 | शून्य | 106 |
| 3 | श्री रामानन्द, सफाई कर्मचारी | 30000 / 17.1.14 | 10000 | 40000 | 26000 | 14000 | 79 |
| 4 | श्री सुभाष कुमार, सफाई कर्मचारी | 30000 / 19.12.12 | शून्य | 30000 | 30000 | शून्य | 114 |
| 5 | श्री सत पाल, सफाई कर्मचारी | 30000 / 1.11.12 | शून्य | 30000 | 29000 | 1000 | 92 |
| | | **कुल जोड** | | **195000** | **121000** | **74000** | |

नियमानुसार सेवाकाल के दौरान अंशदायी पैन्शन योजना खाते से अग्रिमों की स्वीकृति का कोई प्रावधान नहीं है। अतः उक्त वर्णित कर्मचारियो को अग्रिम स्वीकृत करना नियमों के विरूद्ध होने के कारण अनियमित है जिसका समाधान अब दिनांक 31.3.15 को वसूली हेतु शेष अग्रिम की राशि को सम्बन्धित कर्मचारियों से तुरन्त वसूल करके निधि में जमा की जाए तथा भविष्य में नियमों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित की जाए और कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**16 सामान्य भविष्य निधि से सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना ₹1.34 लाख का अनियमित भुगतानः–**

चयनित माह के व्यय एवम अदायगी के वाउचरों तथा सेवा निवृत कर्मचारियों को किए गए भुगतानों का सम्बन्धित अभिलेख के साथ लेखा परीक्षण करने पर पाया गया कि निम्नलिखित कर्मचारियों को कार्यकारी अधिकारी द्वारा सा0भ0 निधि से अन्तिम भुगतान/आहरण की स्वीकृतियाँ प्रदान की गई थी जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित Himachal Pradesh Municipalitie Employees (Pension, Gratuity & General Provident Fund) Rules 2000 के नियम 13 (i) में स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि "The advances withdrawls and final payment from G.P.F Shall be Sanctioned by Director. अतः कार्यकारी अधिकारी द्वारा सा0भ0 निधि से स्वीकृत अन्तिम भुगतान/आहरण की राशियाँ उक्त वर्णित नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है। इस सम्बन्ध में अब निम्नलिखित प्रकरणों को सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त कर नियमित करवाया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | वा0सं0 व दिनांक | कर्मचारी/अधिकारी का नाम | अन्तिम भुगतान की राशि (₹) में | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 46 ऑफ 4/2013 | श्री जोगेन्द्रर सिंह, बेलदार | 60000 | |
| 2 | 13 ऑफ 3/2015 | श्री मनोहर लाल वर्मा, लिपिक | 50000 | आहरण की राशि PPF में जमा करवाने के लिए स्वीकृति की गई जोकि नियमानुसार मान्य कारण नहीं है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 44 ऑफ 3/2015 | श्री अजमेर ठाकुर, कार्यकारी अधिकारी | 24000 | आहरण की राशि LIC प्रीमियम जमा करवाने के लिए स्वीकृत की गई जोकि नियमानुसार मान्य कारण नहीं है। |
| | | | **134000** | |

## 17 सामान्य भविष्य निधि, पैशन तथा ग्रेच्युटी निधि के लेखों का रख रखाव नियमानुसार न करनाः–

हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिसूचना संख्या LSG B(1)-1/79/III दिनांक 25.4.2000 द्वारा Himachal Pradesh Municipalities Employees (Pensionm Grauity & General Provident Fund) Rules 2000 अधिसूचित किए गए है। इन नियमों के नियम 3 में प्रावधान किया गया है कि नगर पालिका के कर्मचारियों को पैन्शन लाभों की अदायगी के उद्देश्य हेतु निदेशक द्वारा पैन्शन तथा ग्रेच्युटी निधि की स्थापना करने के साथ–2 इसका रख रखाव भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस नियम के उप नियम (3) में यह प्रावधान भी किया गया है कि नगरपालिकाऐं कर्मचारियों के समय वेतनमान के अधिकतम पर क्रमशः 12**%** तथा 5**%** की दर से पैन्शन व ग्रेच्युटी का माहवार अभिदान उक्त पैन्शन व ग्रेच्युटी निधि में जमा करवायेगी। उक्त नियमों के नियम 9 में आगे यह भी प्रावधान किया गया कि सामान्य भविष्य निधि स्थापना तथा लेखों का रख रखाव भी निदेशक द्वारा ही किया जाएगा।

नगर परिषद के लेखों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि

(1) उक्त वर्णित निधियों के लेखों का रख रखाव निदेशक की अपेक्षा स्वयं नगर परिषद द्वारा ही किया जा रहा था जोकि नियमों की सरासर उल्लंघना है।

(2) नियमानुसार पैन्शन, ग्रेच्युटी, सामान्य भविष्य निधि एवं अंशदायी पैन्शन योजना का अलग–अलग बैंक बचत खाता/बही खाता का रख रखाव किया जाना अपेक्षित है किन्तु इसके प्रतिकूल परिषद द्वारा अंशदायी पैन्शन योजना व सामान्य भविष्य निधि के बैक में सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों के व्यक्तिगत बचत खाते खोल रखे थे जिसमें सामान्य भविष्य निधि तथा अंशदायी पैन्शन योजना का नियोक्ता हिस्सा व अंशदायी पैन्शन योजना का कर्मचारी का अभिदान जमा किया जा रहा था जोकि नियमों की सरासर उल्लंघना है तथा अनियमित है।

(३) **परिशिष्ट "ञ"** द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना के अवलोंकन से स्पष्ट विदित होता है कि अंशदायी पैन्शन योजना व सामान्य भविष्य निधि के खातों से निवेश भी केवल दो ही कर्मचारियों के व्यक्तिगत नाम में पी0पी0एफ0/किसान विकास पत्र में किया गया था जबकि शेष कर्मचारियों की राशि उनके परिषद द्वारा खोले गए बचत खातों में शेष जमा रखी जा रही थी जिस जमा पर बैंक द्वारा बचत खाते का ब्याज जोकि केवल 4**%** है, दिया जा रहा था तथा इस प्रकार बचत राशि को सावधिक जमा में निवेश न करके कर्मचारियों को ब्याज रूप में भी धन की लगातार हानि हो रही थी और नियमानुसार निवेशों का संचालन नहीं किया जा रहा था जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

अतः यह मामला सचिव/निदेशक, स्थानीय शहरी निकाय के ध्यान में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाने हेतु लाया जाता है।

## 18 कर्मचारियों से लाईसैन्स फीस ₹0.05 लाख की वसूली न करनाः–

चयनित माह के वेतन बिलों का उपलब्ध करवाए गए सम्बन्धित अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि निम्न वर्णित कर्मचारियों से लाईसैन्स फीस की वसूली नहीं की गई थी जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुए लम्बित राशि की वसूली सुनिश्चित की जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्रमाँक | कर्मचारी का नाम व सेट संख्या | आबंटन पत्र संख्या व दिनांक | अवधि | दर | वसूली की राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sh. Manohar Lal Clerk (2) | MC/PWN/2013, 1 38-39 dated 28.01.13 | 2/13 to 2/15=25M | 106 | 2650 | |
| 2 | Sh. Prem Singh Clerk (01) | MC/PWN/2013, 1 40-41 dated 28.01.13 | 2/13 to 2/15=25M | 106 | 2650 | |
| | | | **कुल जोड़** | | **5300** | |

**19 लोक सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश के माध्यम की अपेक्षा सीधे तौर पर समाचार पत्रों को दिए गए विज्ञापनों पर ₹1.14 लाख का अनियमित व्ययः–**

चयनित माह के भुगतान वाउचरों का सम्बन्धित अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने पर पाया गया कि परिषद द्वारा निम्न विवरण अनुसार विज्ञापन छपवाने पर ₹114416/– का खर्च किया गया था।

| क्रमाँक | वा0सं0 व दिनांक | विज्ञापन की एजेन्सी बिल संख्या व दिनांक | विज्ञापन की राशि (₹) में | विज्ञापन का उद्देश्य/अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 36/20.4.13 | Divya Himachal Parkashan Pvt. | | |
| | | Ltd Bill No. 157996/14.03.13 | 3743 | |
| | | No. 157090/6.3.13 | 2807 | Public Notice |
| | | No. 157108/6.3.13 | 3275 | |
| | | **Total Amount** | **9825** | |
| 2 | 37/20.4.13 | Amar Ujala Bill No. | | |
| | | 13030585/12.3.13 | 3058 | Public Notice |
| | | No. 13030480/12.3.13 | 19116 | |
| | | **Total Amount** | **22174** | |
| 3 | 38/20.4.13 | Himachal Dustak Media Pvt.Ltd | | |
| | | Kangra Bill No. 6252/6.3.13 | 5600 | Public Notice |
| | | 7004/27.3.13 | 3000 | होली पर्व की शुभकामनायें |
| | | **Total Amount** | **8600** | |
| 4 | 39/20.4.13 | The Hind Samachar Ltd. Bill no. | | |
| | | 1002313445/6.3.13 (Pb. Kesri) | 2316 | Public Notice |
| 5 | 40/20.4.13 | Shoolini Samachar | | |
| | | Bill No. 3040/11.03.13 | 1200 | Auction Notice |
| | | Bill No. 3041/11.03.13 | 1200 | |
| | | Bill No. 3042/11.3.13 | 1200 | |
| | | **Total Amount** | **3600** | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | 41/20.4.13 | Prithvi Lok Weekly Hamirpur Bill No. 339/14.03.13 | 1500 | Subscription for 3 years |
| 7 | 42/20.4.13 | Himachal Kesri Dharamshala Bill No. 848/11.03.13 | 4000 | Public Notice |
| 8 | 43/20.4.13 | Him Manas Prakashan Smooh Hamirpur Bill No. 710/16.3.13 | 3000 | Tender Notice |
| 9 | 44/20.4.13 | Apka Faisla Parkasan Pvt. Ltd. Hamirpur Bill No. 21040/27.3.13 | 3000 | होली की देशवासियों को शुभकामनायें |
| 10 | 11/2.3.15 | The Indian Express Ltd. Bill no. 1001991577/3.12.14 | 3072 | Notice inviting Quotations |
| 11 | 11/2.3.15 | The Tribune Trust Chandigarh Bill no. GTT/141200280/20.12.14 | 14838 | Tender Notice |
| 12 | 22/5.3.15 | Dainik Bhaskar Group of Publication Shimla Bill No. 707710067/09.06.14, 707781952/05.07.14, 51416/08.08.14 | 5796<br>8695<br>18000 | Public Notice/Tender Notice |
| | | **Total Amount** | **32491** | |
| 13 | 23/5.3.15 | Shoolini Samachar Shimla Bill no. 3344/25.8.14<br>Bill No. 3394/7.10.14<br>Total Amount | 3000<br>3000<br>6000 | स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें<br>दीपावली के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें |
| | | **कुल जोड़** | **114416** | |

विज्ञापनो पर किये गये उक्त व्यय पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(i)** विभिन्न त्योहरों/दिवसों के उपलक्ष्य पर परिषद प्रधान इत्यादि के रंगदार फोटो सहित शुभकामना/बधाई संदेशों के विज्ञापन पर ₹12000/– (क्रम संख्या 3, 9 व 13 पर वर्णित) का किया गया खर्च अनियमित प्रतीत होता है क्योंकि इसका परिषद की नियमों के अन्तर्गत निर्धारित गतिविधियों व उद्देश्यों से कोई सम्बन्ध नहीं था तथा यह खर्च लोकहित की अपेक्षा व्यक्तिगत सा प्रतीत होने के कारण परिषद निधि पर अनुचित प्रभार है।

**(ii)** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय–2 पर जारी निर्देशानुसार विज्ञापन DAVP दरो पर एवम हिमाचल प्रदेश लोक सम्पर्क विभाग के माध्यम से छपवाए जाने अपेक्षित थे परन्तु वर्णित प्रकरणों में इन अनुदेशों की अवहेलना करके विज्ञापनों को सीधे अखबारों में उच्च दरो पर छपवाए गये थे जोकि अनियमित है। अतः उक्त अनियमितता को या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए उच्च सक्षम प्राधिकारी की विशेष स्वीकृति से नियमित करवाया जाये या फिर इस अनियमितता के कारण हुई वित्तीय हानि पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए परिषद निधि की भरपाई उचित स्त्रोत से की जाये।

**(iii)** क्रम संख्या 6 में वर्णित व्यय पृथ्वी लोक साप्ताहिकी की तीन वर्षों तक की Subscription पर किया गया। ₹1500 का व्यय अनियमित तथा परिषद निधि पर अनुचित प्रभार प्रतीत होता है जिसका पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करके परिषद निधि की भरपाई की जाए।

## 20 निर्माण कार्यों में Form वर्क के रूप में राशि ₹0.69 लाख का अधिक भुगतानः–

चयनित माह में निर्माण कार्यों के बिलों का उपलब्ध करवाए गये सम्बन्धित अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि सीमेन्ट कंक्रीट रोड के निर्माण हेतु Form वर्क का भुगतान साईड के साथ–2 बीच में डाले गए Expension Joints के लिए भी किया गया था जबकि मान्य सिद्धान्त अनुसार Form वर्क केवल साईड हेतु ही देय है और सीमेन्ट कंक्रीट रोड के निर्माण हेतु अन्य कोई Form वर्क देय नहीं बनता क्योंकि HPPWD Specification 1990 13.10.3 में यह स्पष्ट किया गया है कि "No. Duduction shall be made or extra paid for any opening up to 0.1 sqm in area in the floor." चूकि सीमेन्ट कंक्रीट की कार्य प्रमात्रा से expendion joints में किये गये form वर्क के कारण बनी Opening की प्रमात्रा के बराबर कंक्रीट कार्य की कोई deduction नहीं की गई थी जिस कारण expension joints में किये गये Form वर्क का भुगतान कंक्रीट कार्य के रूप में पहले ही किया जा चुका है। अतः इसका

Form वर्क के रूप में दौबारा अलग से अतिरिक्त भुगतान देय नहीं बनता था जिसका या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अनियमित भुगतान की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| ठेकेदार व कार्य का नाम | MB संख्या व पृ0 | RD संख्या (मी0) में | Expension joints में किये गये Form वर्क की कार्य प्रमात्रा (Sqm) | भुगतान दर (₹) में | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|---|
| **(क) वाउचर संख्या 63 दिनांक 31.3.15=₹1698185** | | | | | |
| Sh. Virender Sharma C/O Cement Concrete Raod from M/S Om Sons Chowk towards M/S Miles Stone Gears industrial plot No. 58 Sector-1, Parwanoo | 80/63 | 0/00 to 0/32 | 1x6x9.50x0.15=8.55 | 220 | 1881 |
| | 80/67 | 0/32 to 0/62 | 1x6x9.50x0.15=8.55 | 220 | 1881 |
| | 80/71 | 0/62 to 0/92 | 1x6x9.50x0.15=8.55 | 220 | 1881 |
| | 80/76 | 0/92 to 0/122 | 1x6x9.50x0.15=8.55 | 220 | 1881 |
| | 82/49 | 0/122 to 0/152 | 1x6x9.50x0.15=8.55 | 220 | 1881 |
| | **कुल जोड़** | | **42.75** | **220** | **9405** |
| **(ख) वाउचर संख्या 53 दिनांक 20.4.13=₹2304232** | | | | | |
| Sh. Ansuman Chaudhary C/O Cement Concrete Raod in Sectior 5 Parwanoo near Triveni Casting Factory side | 68/9 | 0/056 to 0/081 | 1x25x0.23=5.75<br>6x9.50x0.23=11.73<br>Total= 17.48 | 258 | 4510 |
| | 68/19 | 0/108 to 0/131 | 1x23x0.23=5.29<br>5x9.50x0.23=10.92<br>Total 16.21 | 258 | 4182 |
| | 68/24 | 0/131 to 0/156 | 1x25x0.23=5.75<br>6x8.60x0.23=11.87 but actually paid=10.32<br>Total= 16.07 | 258 | 4146 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 68/29 | 0/156 to 0/179 | 1x23x0.23=5.29<br>5x8.60x0.23=9.89<br>Total 15.18 | 258 | 3916 |
| | 68/34 | 0/179 to 0/184 & 0/392 to 0/430 | 1x5x0.23=1.15<br>1x9.50x0.23=2.18<br>9x4.60x0.23=9.52<br>Total 12.85 | 258 | 3315 |
| | | **कुल जोड़** | **78.71** | **258** | **20069** |

**(ग) वाउचर संख्या 18 दिनांक 4.4.13=₹2217224**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sh. Ansuman Chaudhary C/O Cement Concrete Raod from industrial piot No. 53 Triveni Casting towards Solid Waste | 66/3 | 0/184 to 0/225 | 5x3.55x0.23=4.08<br>10x3.50x0.23=8.05<br>Total=12.13 | 258 | 3130 |
| | 66/9 | 0/225 to 0/290 | 16x3.25x0.23=11.96 | 258 | 3086 |
| | 66/15 | 0/290 to 0/352 | 16x3.30x0.23=12.14<br>2x9.50x0.23=4.37<br>1x5x0.23=1.15<br>Tiotal 17.66 | 258 | 4556 |
| | 66/21 | 0/352 to 0/377 | 3x8.70x0.23=6.00<br>6x8.70x0.23=12.00<br>Total= 18.00 | 258 | 4644 |
| | 66/28 | 0/377 to 0/380 & 0/380 to 0/430 | 2x8.80x0.23=4.04<br>12x4.00x0.23=11.04<br>Total=15.08 | 258 | 3891 |
| | | **कुल जोड़** | **74.83** | **258** | **19307** |

**(घ) वाउचर संख्या 40 दिनांक 17.8.13=₹689552**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sh. Ansuman Chaudhary C/O Cement Concrete Raod from RD 0/430 to 0/451 left side from bottom side & C/O CC drain RHS of Kalima steel Factory SH C/O drain | 70/64 | 0/430 to 0/451 | 5x5.00x0.23=5.75 | 240 | 1380 |

(ङ) वाउचर संख्या 17 4.4.13=₹633639

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sh. Saurabh Dharoach C/O inner Road near H/No. 146 in Sector-4 PWN from RD 84/40 to 0/255.50 | 66/73 | 84.40 to 255.40 | 22x5.95 m=130.00Rmt<br>5x9.50m=47.50Rmt<br>14.1mx1=14.10Rmt<br>Total=191.60 Rmt | 98 per Rmt | 18777 |
| | | **Grand Total (क)+(ख)+(ग)+(घ)+(ङ)** | | | **68938** |

**21 निर्माण कार्यों को तीन/पाँच लाख से कम भागों में बाँटने के कारण राशि ₹94.13 लाख का अनियमित भुगतान करनाः–**

Himachal Pradesh Municipal Rules 2010 के नियम 3 (1) के प्रावधानानुसार नगरपालिका को केवल पाँच लाख तक के निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का प्राधिकार है तथा नियम 4 (2) के प्रावधानानुसार कनिष्ठ अभियन्ता को केवल तीन लाख व सहायक अभियन्ता को दस लाख तक के निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने का प्राधिकार है किन्तु निम्न वर्णित निर्माण कार्यों को तीन लाख व पाँच लाख से कम भागों में बांटकर सक्षम अधिकारी की प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति को Avoid किया गया था तथा अपने स्तर पर ही परिषद/कनिष्ठ व सहायक अभियन्ता द्वारा प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृतियाँ प्रदान की गई थी जोकि वर्णित नियमों की उल्लंघना के कारण अनियमित है जिसका या तो औचित्य स्पष्ट किया जाये या इस अनियमितता को सक्षम अधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके नियमित करवाया जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

| क्रमाँक | आंबटन पत्र संख्या व दिनांक | माप पुस्तिका संख्या व पृष्ठ | RD संख्या | कुल भुगतान की राशि (₹) में | कटौती की राशि (₹) में | शुद्ध भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) कार्य का नामः C/O Cement Concrete Road from industrial plot No. 53 Triveni Casting towards Soild Waste RD 0/056 to 0/451<br>ठेंकेदार का नामः– Sh. Anshuman Chaudhary<br>(क) वाउचर संख्या 53 दिनांक 20.4.13=₹2304232 | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MC PWN/Award Letter/2013/426 dated 06.03.13=₹427900 | 68/7 to 11 | 0/056 to 0/081 | 451737 | 69335 | 382402 |
| 2 | MC. PWN/Award Letter/2013/428 dated 6.3.13=₹427900 | 68/17 to 21 | 0/108 to 0/131 | 455569 | 69921 | 385648 |
| 3 | MC. PWN/Award Letter/2013/429 dated 6.3.13=₹427900 | 68/22 to 26 | 0/131 to 0/156 | 469800 | 72099 | 397701 |
| 4 | MC. PWN/Award Letter/2013/430 dated 6.3.13=₹490745 | 68/27 to 31 | 0/156 to 0/179 | 452645 | 69474 | 383171 |
| 5 | MC. PWN/Award Letter/2013/431 dated 6.3.13=₹490745 | 68/32 to 36 | 0/179 to 0/184 & 0/392 to 0/430 | 474481 | 72816 | 401665 |
| | | | जोड़ | **2304232** | **353645** | **1950587** |
| **(ख) वाउचर संख्या 18 दिनांक 4.4.13=₹2217224** | | | | | | |
| 6 | MC. PWN/Award Letter/2013/421 dated 6.3.13=₹443242 | 66/1 to 6 | 0/184 to 0/225 | 444861 | 68283 | 376578 |
| 7 | MC. PWN/Award Letter/2013/422 dated 6.3.13=₹443242 | 66/7 to 12 | 0/225 to 0/290 | 438670 | 67360 | 371310 |
| 8 | MC. PWN/Award Letter/2013/423 dated 6.3.13=₹443242 | 66/13 to 18 | 0/290 to 0/352 | 444310 | 68211 | 376099 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | MC. PWN/Award Letter/2013/424 dated 6.3.13=₹443242 | 66/19 to 25 | 0/352 to 0/377 | 444187 | 68183 | 376004 |
| 10 | MC. PWN/Award Letter/2013/425 dated 6.3.13=₹443242 | 66/26 to 31 | 0/377 to 0/380 & 0/380 to 0/430 | 445196 | 68334 | 376862 |
| | | | **जोड़** | **2217224** | **340371** | **1876853** |
| | **कुल जोड़ (1) (क)+(ख)** | | | **4521456** | **694016** | **3827440** |
| **(2) कार्य का नामः** C/O Cement Concrete Road from M/S Om Sons chowk towards M/s Miles stone Gears industrial plot No. 58 Sector – Parwanoo<br>ठेंकेदार का नामः– Sh. Virender Sharma<br>वाउचर संख्या 63 दिनांक 31.3.15=₹1698185 | | | | | | |
| 1 | MC. PWN/Award Letter/2014/347 dated 1.12.14=₹37364 | 80/63 | 0/00 to 0/32 | 364039 | 318365 | 45674 |
| | | | | | | |
| 2 | MC. PWN/Award Letter/2014/348 dated 1.12.14=₹341810 | 80/67 | 0/32 to 0/62 | 335321 | 313957 | 21364 |
| 3 | MC. PWN/Award Letter/2014/349 dated 1.12.14=₹333570 | 80/71 | 0/62 to 0/92 | 317163 | 311172 | 5991 |
| 4 | MC. PWN/Award Letter/2014/350 dated 1.12.14=₹350100 | 80/76 | 0/92 to 0/122 | 346341 | 315649 | 30692 |
| 5 | MC. PWN/Award | 82/49 | 0/122 to | 335321 | 51457 | 283864 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Letter/2014/373 dated 2.12.14=₹350100 | | 0/152 | | | |
| | | **कुल जोड़** | | **1698185** | **1310600** | **387585** |
| **(3) कार्य का नामः** C/O Cement Concrete R/wall for New Children Park in front of shanti Vihar Colony main gali road side Sector-1 Parwanoo<br>ठेंकेदार का नामः– Sh. Virender Sharma<br>वाउचर संख्या 26 दिनांक 5.3.15=₹825000 | | | | | | |
| 1 | MC. PWN/Award Letter/2014/364 dated 2.12.14=₹148677 | 82/1 to 6 | 0/00 to 0/003 | 121113 | 18586 | 102527 |
| 2 | MC. PWN/Award Letter/2014/365 dated 2.12.14=₹148677 | 82/6 to 11 | 0/03 to 0/006 | 96927 | 14876 | 82051 |
| 3 | MC. PWN/Award Letter/2014/366 dated 2.12.14=₹148677 | 82/11 to 17 | 0/06 to 0/009 | 121113 | 18586 | 102527 |
| 4 | MC. PWN/Award Letter/2014/143 dated 13.2.15=₹148677 | 82/17 to 23 | 0/09 to 0/012 | 140879 | 121620 | 19259 |
| 5 | MC. PWN/Award Letter/2015/144 dated 13.2.14=₹148677 | 82/23 to 29 | 0/012 to 0/015 | 131723 | 120214 | 11509 |
| 6 | MC. PWN/Award Letter/2014/145 dated 13.02.15=₹148677 | 85/1 to 5 | 0/015 to 0/018 | 117725 | 18067 | 99658 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | MC. PWN/Award Letter/2014/146dated 13.2.15=₹116294 | 85/6 to 11 | 0/018 to 0/21.33 | 95520 | 14658 | 80862 |
| | | | **कुल जोड़** | **825000** | **326607** | **498393** |
| **(4) कार्य का नामः** C/O PCC R/wall at Sector-5, Parwanoo back side of block No.8 Ph I &II<br>ठेंकेदार का नामः– Sh. Sanjay Kumar Garg<br>वाउचर संख्या 54 दिनांक 20.4.15=₹1510265 | | | | | | |
| 1 | MC. PWN/Award Letter/2013/653 dated 3.4.13=₹508745 | 68/66 to 70 | Phase-I | 264497 | 40865 | 223632 |
| 2 | MC. PWN/Award Letter/2014/365 dated 2.12.14=₹148677 | 68/71 to 75 | Phase-II | 291191 | 44692 | 246499 |
| | | | **कुल जोड़** | **555688** | **85557** | **470131** |
| **(5) कार्य का नामः** C/O Solid Waste site at Sector 5, Parwanoo<br>ठेंकेदार का नामः– M/S Rajinder & Co. Chandigarh<br>वाउचर संख्या 15 दिनांक 4.4.13=₹1229992 | | | | | | |
| | | | | | | |
| 1 | MC. PWN/Award Letter/2012/1544-47 dated 5.9.12=₹443948 | 65/62 to 66 | SH: CGI Sheet roofing | 375332 | 57691 | 317641 |
| 2 | MC. PWN/Award Letter/2012/1556-59 dated 5.9.12=₹443948 | 65/69 to 77 | Sh. Structure work of Attendant Residence | 422326 | 65309 | 357017 |
| 3 | MC. PWN/Award Letter/2012/1552-55 dated | 65/78 to 85 | SH: C/O Store | 265254 | 41205 | 224049 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5.9.12=₹321947 | | | | | |
| 4 | MC. PWN/Award Letter/2012/1540-43 dated 5.9.12=₹339527 | 65/85 to 91 | SH: Steel Structure work | 167080 | 25787 | 141293 |
| | | | **कुल जोड़** | **1229992** | **189992** | **1040000** |
| **(6) कार्य का नामः** Special Repair & maintenance Garbage Container, M.C Parwanoo<br>ठेंकेदार का नामः– M/S Devender Kumar<br>वाउचर संख्या 39 दिनांक 16.3.15=राशि ₹582296 | | | | | | |
| 1 | MC. PWN/Award Letter/2014/369 dated 2.12.14=₹145912 | 83/6 to 8 | 4 No. Garbage container | 145912 | 22391 | 123521 |
| 2 | MC. PWN/Award Letter/2014/370 dated 2.12.14=₹145912 | 83/9 to 11 | 4 No. Garbage container | 145912 | 22391 | 123521 |
| 3 | MC. PWN/Award Letter/2014/371 dated 2.12.14=₹144976 | 83/12 to 14 | 4 No. Garbage container | 144976 | 22328 | 123168 |
| 4 | MC. PWN/Award Letter/2014/377 dated 2.12.14=₹145496 | 83/15 to 17 | 4 No. Garbage container | 145496 | 22249 | 122727 |
| | | | **कुल जोड़** | **582296** | **89359** | **492937** |
| | **Grand Total (1)+(2)+(3)+(4)+(5)+(6)** | | | **9412617** | **2696131** | **6716486** |

**22 ठेकेदार का नामः– Sh. Virender Sharma**

**वाउचर संख्या 14 दिनांक 4.4.13 राशि ₹1769975**

**(1) कार्य का नामः–** C/O Store at M.C. Parwanoo (First floor) Sector-1, Parwanoo

अनुबन्ध/आंबटन पत्र संख्या M.C. PWN/Award letter/2012/2046-50 dated 29.9.12 for ₹453430

चलत बिल संख्याः– 1st & Final

माप पुस्तिका संख्याः 67 पृष्ठ 50 से 62 तक

**(i) स्टील का गलत conversion factor लगाने के कारण ठेकेदार को ₹1103 की राशि का अधिक भुगतानः–**

कार्य मद संख्या 4/19 "Steel work welded in built up section etc. (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 62 abstract of cost) की कुल कार्य प्रमात्रा 1501.03 कि0ग्रा0 का ₹83.50 प्रति कि0ग्रा0 की दर से ठेकेदार को ₹125336/– की राशि का भुगतान किया गया था। इस कार्य की रिकार्ड प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि स्टील का/गलत/Conversion Factor लगाने के कारण ₹1103 की राशि का अधिक भुगतान किया गया था जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| माप पुस्तिका पृ0सं0 | वस्तु का नाम | निष्पादित कार्य प्रमात्रा | लगाया गया conversion factor (कि0ग्रा0 प्रति मी0 में) व कार्य प्रमात्रा (कि0ग्रा0 में) | conversion factor (कि0ग्रा0 प्रति मी0 में) जो लगाया जाना चाहिए था व कार्य प्रमात्रा (कि0ग्रा0 में) | कार्य प्रमात्रा में अन्तर (कि0ग्रा0) में | दर (₹ प्रति कि0ग्रा0 में) | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | Sq. bar 10mm | 186.62 m | 0.79/147.42 | 0.78=145.56 | 1.86 | 83.50 | 155 |
| 57 | M.S. flat sheet 10mm | 0.211 sqm | 78.50/16.56 | 24.70=5.21 | 11.35 | 83.50 | 948 |
| | | | | | **कुल जोड़** | | **1103** |

**(2) कार्य का नामः– C/O one room set near M.C. shop in Sector-I, A Parwanoo (left hand side)**

चलत बिल संख्याः– 2nd & Final

माप पुस्तिका संख्याः 67 पृष्ठ 6 से 21 तक

## (i) गलत गणना के कारण ठेकेदार को ₹120 की राशि का अधिक भुगतानः–

कार्य मद संख्या 9 (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 17 Abstract of cost) "P/F 40mm thick paneped door shutter made of 2nd class deodar wood etc." की कुल कार्य प्रमात्रा 4.86 घन मीटर का संविदाकार को राशि ₹3000/– प्रति घन मीटर की दर से राशि ₹14580 का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 9 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि निम्न विवरण अनुसार गणना में त्रुटि के कारण 0.04 घन मीटर निष्पादित कार्य प्रमात्रा का ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया था जोकि ₹120/– बनता है जिसकी वसूली अब सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| गणना जिसका भुगतान किया गया | सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था | अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा | दर प्रति घन मी0 (₹) में | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|
| Kitchen door 1x0.70x2.00=1.44 cum | 1x0.70x2.00=1.40 cum | 0.04 cum | 3000 | 120 |

## (ii) स्टील का गलत convereion factor लगाने के कारण ठेकेदार को ₹985 की राशि का अधिक भुगतानः–

कार्य मद संख्या 17/18 "Steel work welded in built up section etc. (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 20 abstract of cost) की कुल कार्य प्रमात्रा 1176.09 कि0ग्रा0 का ₹84 प्रति कि0ग्रा0 की दर से ठेकेदार को राशि ₹98792/– का भुगतान किया गया था। इस कार्य की रिकार्ड प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि स्टील का गलत factor लगाने के कारण ₹985 की राशि का निम्नविवरणानुसार अधिक भुगतान किया गया था जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| माप पुस्तिका पृ0सं0 | वस्तु का नाम | निष्पादित कार्य प्रमात्रा | लगाया गया **conversion factor** (कि0ग्रा0 प्रति मी0 में) व कार्य प्रमात्रा (कि0ग्रा0 में) | **conversion factor** (कि0ग्रा0 प्रति मी0 में) जो लगाया जाना चाहिए था व कार्य प्रमात्रा (कि0ग्रा0 में) | कार्य प्रमात्रा में अन्तर (कि0ग्रा0) में | दर (₹ प्रति कि0ग्रा0 में) | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Sq. bar 10mm | 14.00m | 0.79=11.06 | 0.78=10.92 | 0.14 | 84 | 12 |
| 14 | M.S. flat 50.5mm | 28.96m | 2.40=69.50 | 2.00=57.92 | 11.58 | 84 | 973 |
| | | | | | **कुल जोड़** | | **985** |

**(iii) माप की गलत गणना के कारण ठेकेदार को राशि₹0.32 लाख का अधिक भुगतानः–**

कार्य मद संख्या 17/18 "Steel work welded in built up section etc. (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 20 abstract of cost) की कुल कार्य प्रमात्रा 1176.09 कि0ग्रा0 का ₹84 प्रति कि0ग्रा0 की दर से ठेकेदार को राशि ₹98792/– का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 13 पर दर्ज रिकार्ड प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि तीन मीटर की ऊँचाई पर छत/terrace पर जाने के लिए 11 नं0 Steps वाली लोहे की सीढ़ी का निर्माण कार्य किया गया था जिसके लिए steps की दायीं व बायीं दोनों तरफ 40x40x5mm के top & Bottom की तरफ दो–दो Angles 3.85m & 4.15m की लम्बाई के प्रयोग किये थे जिस हेतु माप पुस्तिका में दर्ज परिमाप अनुसार ठेकेदार को (3.85m+4.15m)x9x2=144Mx3Kg per metre=432Kg का भुगतान किया गया था जोकि उचित प्रतीत नहीं होता तथा वास्तविकता में यह (3.85m+4.15m)x2=16Mx3KG per metre=48Kg होना चाहिए था। अतः माप की गलत गणना की इस त्रुटि के कारण निम्न विवरण अनुसार 384 कि0ग्रा0 कार्य प्रमात्रा का ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया था जोकि ₹32256/– बनता है। अतः अधिक भुगतान की गई राशि का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अधिक भुगतान की राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| गणना जिसका भुगतान किया गया | सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था | अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा | दर प्रति घन मी0 (₹) में | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|
| (3.85+4.15)x9x2=144Mx3Kg per metre=432 Kg | (3.85+4.15)x2=16Mx3Kg per metre=48Kg | 384 Kg | 8400 per qtl i.e. 84 per Kg | 32256 |

**(3) कार्य का नामः–** C/O M.C. store & Staircase at Sector-1 A, near M.C shop Parwanoo

चलत बिल संख्याः– 2nd & final

माप पुस्तिका संख्याः– 67 पृष्ठ 21 से 29 तक

**योग की गणना में त्रुटि के कारण ठेकेदार को ₹450 की राशि का अधिक भुगतानः–**

कार्य मद संख्या 15 (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 28 Abstract of cost)"15mm thick cement plaster in single coat on fair side of brick work in CM 1:6 etc." की कुल कार्य प्रमात्रा 95.42 वर्ग मीटर का ₹190 प्रति वर्ग मीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹18130 का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 22 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि योग की गणना में त्रुटि के कारण निष्पादित कार्य प्रमात्रा 95.42 वर्ग मीटर की अपेक्षा 93.05 वर्ग मीटर बनता है। इस प्रकार 2.37 वर्ग मीटर कार्य प्रमात्रा का ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया था जोकि ₹190 प्रति वर्ग मीटर की दर से ₹450/–बनता है जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(4) कार्य का नामः–** Provinding External system in sector 5 SH C/O CC wall earth work for septic tank

अनुबन्ध/आबंटन पत्र संख्याः M.C. PWN/Award letter/2013/468-71 dated 7.3.13 for ₹508471

चलत बिल संख्याः– 1st & final

माप पुस्तिका संख्याः– 65 पृष्ठ 66 से 69 तक

**ठेकेदार को गलत दर से भुगतान करने के कारण राशि ₹0.17 लाख का अधिक भुगतानः–**

उपलब्ध करवाए गए सम्बन्धित अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि अनुबन्ध की मद संख्या 4" P/L CC in 1:3:6 excluding cost of form work etc." की निष्पादित कुल कार्य प्रमात्रा 69.83 घन मीटर का ₹4800 प्रति घन मीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹335184/– का भुगतान किया गया था (माप पुस्तिका संख्या 65 पृष्ठ 69 Abstract of cost) जबकि इस कार्य मद के निष्पादन हेतु ठेकेदार से Quoted rate 4800 के बदले negotiated rate ₹4550/– प्रति घन मीटर की दर अनुबन्धित थी जैसा कि **परिशिष्ट "ट"** से स्पष्ट विदित होता है। अतः इस प्रकार ठेकेदार को गलत दर से भुगतान करने के कारण ₹17458 की राशि (69.83cumx₹250) (₹4800.₹4550) का अधिक भुगतान किया गया है जिसका या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक भुगतान की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(5) कार्य का नामः–** C/O store at MC campus (FF) Sector 1 (left side) SH providing brick work, doors & windows

अनुबन्ध/आबंटन पत्र संख्याः M.C. PWN/Award letter/2012/2092 dated 5.9.12 for ₹406534

चलत बिल संख्याः– 1st & final

माप पुस्तिका संख्याः– 67 पृष्ठ 39 से 50 तक

**(i) निष्पादित कार्य प्रमात्रा की संशयपूर्ण रिकार्ड प्रविष्टियों के कारण ठेकेदार को राशि ₹0.17 लाख का सम्भावित अधिक भुगतानः–**

कार्य मद ˙सख्या 6 (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 47 Abstract of cost) "P/F pressed steel door frames etc." की कुल कार्य प्रमात्रा 169.70 मीटर का ₹450/– प्रति मीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹76365/– का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 41 व 42 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि माप पुस्तिका पर दर्ज खिडकियों और दरवाजों की संख्या व Sketch सहित

joinery के विवरण के अनुरूप रिकार्ड की गई निष्पादित कार्य प्रमात्रा 131.96 मीटर सही थी परन्तु इसके अतिरिक्त निम्न विवरण अनुसार दर्ज की गई 37.74 मीटर अतिरिक्त कार्य प्रमात्रा की प्रविष्टियाँ वर्णित joinery विवरण अनुसार वास्तविक कार्य प्रमात्रा से अधिक व संशयपूर्ण पाई गई जिसके फलस्वरूप ठेकेदार को ₹450/– की दर से ₹16983/–की राशि का सम्भावित अधिक भुगतान किया गया है जिस सम्बन्ध में पूर्ण छानबीन उपरान्त वास्तविक स्थिति का पता लगाकर अधिक भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अधिक भुगतान की राशि की सम्बन्धित उचित स्त्रोत से वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

Extra for Mullion
Kit W 2x1.10=2.20m
Bed W 1x1x2.00=2.00m

1x1.55=1.55m

2x2.00=4.00m

1x1.80=1.80m

D/W VP 3x3x2.00=18.00m

HP 3x2.73=8.19m

Total =37.74 m

**(ii) ठेकेदार को गलत दर से भुगतान करने के कारण राशि ₹900/– का अधिक भुगतानः–**

वर्णित निर्माण कार्य का उपलब्ध करवाए गए सम्बन्धित अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि अनुबन्ध की कार्य मद संख्या 9/10 "P/F anodized aluminium sliding door bolt etc." की निष्पादित कुल कार्य प्रमात्रा 9 No. का ₹350 की दर से ठेकेदार को ₹3150/– की राशि का भुगतान किया गया था (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 48 Abstract of cost) जबकि इस कार्य मद के निष्पादन हेतु ठेकेदार से quoted rate 350 के बदले negotiated rate ₹250 की दर अनुबन्धित थी। अतः इस प्रकार ठेकेदार को गलत दर से भुगतान करने के कारण ₹900/– की राशि (9 No. x₹100(₹350–250) का अधिक भुगतान किया गया है। अतः अधिक भुगतान की राशि की सम्बन्धित उचित स्त्रोत से वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(iii) सीमेन्ट प्लास्टर की निष्पादित कार्य प्रमात्रा से खिड़की/दरवाजों की कम कार्य मात्रा की कटौती करने के कारण ठेकेदार को ₹1904/– की राशि का अधिक भुगतानः–**

कार्य मद संख्या 16/20 (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 49 & 50 abstract of cost) 20mm thick cement plaster in single coat on fiar side brick/stone masonry etc. की कुल कार्य प्रमात्रा 319.16 less deduction 28.44 nett qty 290.72 वर्ग मीटर का ₹190 प्रति मीटर की दर से ठेकेदार को ₹55237/–की राशि का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 43 & 44 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 41 पर दर्ज दरवाजों के विवरण से मिलान करने पर पाया गया कि निम्न विवरण अनुसार दरवाजों की 10.02 वर्ग मीटर कार्य मात्रा की deduction कम की गई थी अर्थात deduction की कुल मात्रा 28.44 वर्ग मीटर की अपेक्षा 38.46 वर्ग मीटर होनी चाहिए थी। अतः इस प्रकार 10.02 वर्ग मीटर कार्य प्रमात्रा का ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है जोकि ₹190 प्रति वर्ग मीटर की दर से ₹1904 बनता है जिस सम्बन्ध में पूर्ण छानबीन उपरान्त वास्तविक स्थिति का पता लगाकर अधिक भुगतान को या तो न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अधिक भुगतान की राशि की सम्बन्धित उचित स्त्रोत से वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(i) Kitchen/toilet door=4Nos.x0.75x2.05=6.15 Sqm

(ii) Room door= 2Nos.x0.92x2.15=3.87 Sqm

Total qty. =10.02sqm

**23 सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना निर्माण कार्य में राशि ₹2.58 लाख की Deviation का ठेकेदारों को अनाधिकृत भुगतानः–**

निम्न वर्णित निर्माण कार्य ठेकेदारों द्वारा आंबटित राशि से अधिक राशि में पूर्ण किया गया था। इस प्रकार निम्न निर्माण कार्यों में ₹258425 की overall deviation का भुगतान ठेकेदारों को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना किया गया जोकि अनाधिकृत होने के कारण अनियमित है क्योकि नियमानुसार वर्णित राशि का भुगतान ठेकेदारों को सक्षम प्राधिकारी से Deviation Statement अनुमोदित करवाए जाने के उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित था जोकि अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई। अतः इस अनियमितता का पूर्ण औचित्य प्रस्तुत करते हुए अब या तो सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए अन्यथा इस

अनाधिकृत भुगतान की सम्बन्धित उचित स्त्रोत से वसूली सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**1 ठेकेदार का नाम Sh. Virender Sharma**

**(क) कार्य का नामः–** C/O Store at M.C. Parwanoo (First Floor) Sector-1, Parwanoo

माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 50 से 62 तक

| **आबंटन पत्र संख्या व दिनांक** | **निर्माण कार्य आंबटन राशि (₹) में** | **निर्माण कार्य पूर्ण करने की राशि (₹) में** | **कुल विचलन (Overall deviation) राशि (₹) में** | **Overall deviation (%) में** |
|---|---|---|---|---|
| M.C. PWN/Award Letter/2012/2046.50 dated 29.9.12 | 453430 | 496330 | 42900 | 9.46 |

**(ख) कार्य का नामः–** C/O Store at M.C.Campus (FF) Sector 1 (left side) SH providing brick work doors & windows

माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 39 से 50 तक

| **आबंटन पत्र संख्या व दिनांक** | **निर्माण कार्य आंबटन राशि (₹) में** | **निर्माण कार्य पूर्ण करने की राशि (₹) में** | **कुल विचलन (Overall deviation) राशि (₹) में** | **Overall deviation (%) में** |
|---|---|---|---|---|
| M.C. PWN/Award Letter/2012/2092 dated 5.9.12 | 406534 | 443181 | 36647 | 9.00 |

**2 ठेकेदार का नामः– Sh. Sanjay Garg**

कार्य का नामः– C/O CC R/Wall at Sector-1, Parwanoo Rehan Basera

माप पुस्तिका संख्या 66 पृष्ठ 32 से 36 तक

| आबंटन पत्र संख्या व दिनांक | निर्माण कार्य आंबटन राशि (₹) में | निर्माण कार्य पूर्ण करने की राशि (₹) में | कुल विचलन (Overall deviation) राशि (₹) में | Overall deviation (%) में |
|---|---|---|---|---|
| M.C. PWN/Award Letter/2013/529-32 dated 8.3.13 | 349804 | 395154 | 45350 | 12.96 |

**(ख) कार्य का नामः–** C/O Painting/white washing of existing HIMFED building Sector-1, Parwanoo

माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 62 से 70 तक (R/E) – 69 पृष्ठ 8 से 10 तक (Abstract)

| आबंटन पत्र संख्या व दिनांक | निर्माण कार्य आंबटन राशि (₹) में | निर्माण कार्य पूर्ण करने की राशि (₹) में | कुल विचलन (Overall deviation) राशि (₹) में | Overall deviation (%) में |
|---|---|---|---|---|
| M.C. PWN/Award Letter/2012/1620 dated 5.9.12 | 68110 | 145476 | 77366 | 113.59 |

**3 ठेकेदार का नामः– Sh. Ashwani Thakur**

कार्य का नामः– C/O RR masonary wall in Sector-6, Parwanoo Block No. 19, 20 & 21

माप पुस्तिका संख्या 68 पृष्ठ 41 से 44 तक

| आबंटन पत्र संख्या व दिनांक | निर्माण कार्य आंबटन राशि (₹) में | निर्माण कार्य पूर्ण करने की राशि (₹) में | कुल विचलन (Overall deviation) राशि (₹) में | Overall deviation (%) में |
|---|---|---|---|---|
| M.C. PWN/Award Letter/2013/109 dated 24.1.13 | 314930 | 371092 | 56162 | 17.83 |
| | | **कुल जोड़** | **258425** | |

**24 ठेकेदार का नामः– M/S Rajinder & Co. Chandigarh**

वाउचर संख्याः– 15 दिनांक 4.4.13 राशि ₹1229992

कार्य का नामः– C/O Solid Waste site at Sector-5, Parwanoo Sh. Structure work of Attendent Residence

चलत बिल संख्या 1st & Final

माप पुस्तिका संख्या 65 पृष्ठ 69 से 77 तक

### (1) गलत गणना के कारण ठेकेदार को राशि ₹0.05 लाख का अधिक भुगतानः–

कार्य मद संख्या 5 (माप पुस्तिका संख्या 65 पृष्ठ 77 Abstract of cost) "Brick work of 2nd class commom brunt clay in foundation & plinth in CM 1:6 etc." की कुल कार्य प्रमात्रा 32.82 घन मीटर का ₹5090/– प्रति घन मीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹167054/– का भुगतान किया गया था। माप पुस्तिका संख्या 65 पृष्ठ 74 पर दर्ज कार्य की विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि निम्नविवरण अनुसार गणना में त्रुटि के कारण 0.98 धन मीटर कार्य प्रमात्रा का ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया था जोकि ₹4988 बनता है जिसकी वसूली अब सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| गणना जिसका भुगतान किया गया | सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था | अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा | दर प्रति घन मी0 (₹) में | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|
| 1x3.90x0.23x1.10=1.97 cum | 1x3.90x0.23x1.10=0.99cum | 0.98 cum | 5090 | 4988 |

**(2) कार्य का नामः–** C/O Solid waste site at Sector-5, Parwanoo SH Steel Structure work

चलत बिल संख्याः 1st & Final

माप पुस्तिका संख्याः 65 पृष्ठ 85 से 91 तक

**स्टील का गलत conversion factor लगाने के कारण ठेकेदार को ₹942/– की राशि का अधिक भुगतानः–**

कार्य मद संख्या 1 "Steel work welded in built up section etc." (माप पुस्तिका संख्या 65 पृष्ठ 91 Abstract of cost) की कुल कार्य प्रमात्रा 1965.65 कि0ग्रा0 का ₹85 प्रति कि0ग्र0 की दर से ठेकेदार को ₹167080/– की राशि का भुगतान किया गया था। इस कार्य की रिकार्ड प्रविष्टियों को अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया गया कि स्टील का Conversion factor गलत लगाने के कारण ₹942/– की राशि का अधिक भुगतान किया गया था जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| माप पुस्तिका पृ0सं0 | वस्तु का नाम | निष्पादित कार्य प्रमात्रा | लगाया गया Conversion factor (कि0ग्रा0 प्रति मी0 में व कार्य प्रमात्रा कि0ग्रा0 में) | Conversion factor (कि0ग्रा0 प्रति मी0 में) जो लगाया जाना चाहिए था व कार्य प्रमात्रा (कि0ग्रा0) में | कार्य प्रमात्रा में अन्तर (कि0 ग्रा0) में | दर (₹ प्रति कि0 ग्रा0 में) | अधिक भुगतान की राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 86 | Sq.bar 10mm in W & V | 16.75m | 0.79=13.23 | 0.78=13.07 | 0.16 | 85.00 | 13.60 |
| 88 | -do- | 55.20m | 0.79=43.60 | 0.78=43.06 | 0.54 | 85.00 | 45.90 |
| 89 | M.S. flat 32x6mm | 21.20m | 1.90=40.28 | 1.50=31.80 | 8.48 | 85.00 | 720.80 |
| 89 | M.S flat 40x6mm | (2x0.75mx9)+(2x0.95mx9)=31.60m whitch should be=30.60m (calculation mistake) | 1.90x31.60=60.04 | 1.90x30.60=58.14 | 1.90 | 85.00 | 161.50 |
| | | | | **कुल जोड़** | | **941.80 says 942** | |

**25 निर्माण कार्यों को विलम्ब से पूर्ण करने पर आंबटन पत्र की शर्तानुसार संविदाकारों से राशि ₹1.86 लाख दण्ड शुल्क की वसूली न करनाः–**

चयनित मास में निर्माण कार्यों के बिलों का उपलब्ध करवाए गए अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि इन निर्माण कार्यों को न तो संविदाकारों द्वारा निर्धारित

समय अवधि में पूर्ण किया गया और न ही विभाग द्वारा नियमानुसार निर्माण कार्य को पूरा करने की निर्धारित समय सीमा में बढ़ौतरी की गई। निर्माण कार्यों के अनुबन्ध की धारा 2 के अनुसार यदि संविदाकार किसी निर्माण कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण नहीं करता और न ही विभाग द्वारा कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्धारित समय अवधि में कोई बढ़ौतरी की जाती है तो इस स्थिति में संविदाकार से शेष कार्य राशि पर एक प्रतिशत प्रतिदिन की दर से जो कुल अनुबन्ध की राशि का दस प्रतिशत से अधिक न हो, के बराबर दण्ड शुल्क वसूल करने का प्रावधान है। अतः संविदाकारों द्वारा निम्न कार्यों को निर्धारित समय अवधि में न तो पूर्ण किया गया और न ही विभाग द्वारा इन कार्यों के निष्पादन के लिए निर्धारित समय अवधि में की गई बढ़ोतरी से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त आंबटन पत्र की शर्त संख्या तीन के अनुसार विलम्ब दण्ड शुल्क की राशि एक हजार रूपये प्रतिदिन निर्धारित की गई थी। इसलिए अनुबन्ध की धारा दो व आंबटन पत्र की शर्त संख्या तीन के अनुसार इन संविदाकारों के विरूद्ध कार्रवाई की जानी अपेक्षित थी। संविदाकारों के विरूद्ध कार्रवाई न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए राशि ₹186000/– की वसूली उचित स्त्रोत से करने के उपरान्त अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| **1 ठेकेदार का नामः–** श्री विरेन्द्र शर्मा<br>कार्य का नामः– C/O Store at MC Parwanoo | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित अवधि** | **कार्य आरम्भ व पूर्ण करने की तिथि** | **कार्य पूर्ण करने के लिए लिया गया समय** | **कार्य निष्पादन विलम्ब (दिन)** | **विलम्ब दण्ड शुल्क की राशि** |
| 120 दिन | 14.10.12/<br>31.3.13 | 168 दिन | 48 दिन | 48000 |
| **2 कार्य का नाम C/O Store at MC Campus (FF) Parwanoo** | | | | |
| **कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित अवधि** | **कार्य आरम्भ व पूर्ण करने की तिथि** | **कार्य पूर्ण करने के लिए लिया गया समय** | **कार्य निष्पादन विलम्ब (दिन)** | **विलम्ब दण्ड शुल्क की राशि** |
| 120 दिन | 29.9.12/<br>31.3.13 | 191 दिन | 71 दिन | 71000 |
| | | | | |

| 3 ठेकेदार का नामः— श्री संजय कुमार गर्ग<br>कार्य का नामः— Painting/White wasing (Himfed Building) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित अवधि** | **कार्य आरम्भ व पूर्ण करने की तिथि** | **कार्य पूर्ण करने के लिए लिया गया समय** | **कार्य निष्पादन विलम्ब (दिन)** | **विलम्ब दण्ड शुल्क की राशि** |
| 120 दिन | 20.9.12 / 31.1.13 | 131 दिन | 11 दिन | 11000 |
| **4 कार्य का नामः— Painting & Distempering MC Park including Grills/Raillings** | | | | |
| **कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित अवधि** | **कार्य आरम्भ व पूर्ण करने की तिथि** | **कार्य पूर्ण करने के लिए लिया गया समय** | **कार्य निष्पादन विलम्ब (दिन)** | **विलम्ब दण्ड शुल्क की राशि** |
| 90 दिन | 1.10.12 / 25.2.13 | 146 दिन | 56 दिन | 56000 |

**26 ठेकेदार का नामः— Sh. Hoshiar Singh**

वाउचर संख्या 16 दिनांक 4.4.13 राशि ₹1324213

कार्य का नाम C/O CC R/wall at Sector-4, Parwanoo near block No. 1 & 2 Ph II

चलत बिल संख्या 1st & Final

माप पुस्तिका संख्या 66 पृष्ठ 59 से 61 तक

**माप की गलत गणना के कारण ठेकेदार को राशि ₹0.12 लाख का अधिक भुगतानः—**

कार्य मद संख्या 5 (माप पुस्तिका संख्या 66 पृष्ठ 64 Abstract of cost) "P/L CC in 1:3:6 in R/wall B/wall in foundation & plinth etc." की कुल कार्य प्रमात्रा 70.98 घनमीटर का ₹4360/— प्रति घनमीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹309473/— का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 66 पृष्ठ 61 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि निम्न वर्णित लम्बाई में form work 0.90 मीटर (औसत) की ऊँचाई में किया गया था जबकि CC in 1:3:6 का कार्य 2.00 मीटर की ऊँचाई में किया गया है। क्योंकि सीमेन्ट कंक्रीटिंग का कार्य form work के कार्य से अधिक नहीं हो सकता। अतः

माप की गलत गणना की इस त्रुटि के कारण निम्न विवरण अनुसार 2.90 घन मीटर कार्य प्रमात्रा का ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया था जोकि ₹12661 बनता है जिसका पूर्ण छानबीन उपरान्त या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अधिक भुगतान की राशि की वसूली सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| **गणना जिसका भुगतान किया गया** | **सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था** | **अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा** | **दर प्रति घन मी0 (₹) में** | **अधिक भुगतान की राशि (₹) में** |
|---|---|---|---|---|
| 2.20x1.80+0.60x2.00/2=5.28 cum | 2.20x1.80+0.60/2x1.20+0.60/2=2.38 cum | 2.90 cum | 4360 per cum | 12661 |

27 **ठेकेदार का नामः– Sh. Anshuman Chaudhary**

वाउचर संख्या 18 दिनांक 4.4.13 राशि ₹2217224

कार्य का नाम C/O Cement Concrete Road from industrial plot No. 53 Triveni Casting towards Solid Waste RD 0/056 to 0/451

चलत बिल संख्या 1st & Final

माप पुस्तिका संख्या 66 पृष्ठ 13 से 18 तक

## गलत गणना के कारण ठेकेदार को ₹1856 की राशि का अधिक भुगतानः–

कार्य मद संख्या 1 (माप पुस्तिका संख्या 66 पृष्ठ 16 Abstract of cost) "Excavation in earth work I/C dressing levelling etc" की कुल कार्य प्रमात्रा 43.97 घन मीटर का ₹280/– प्रति घन मीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹12311 का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 66 पृष्ठ 14 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि गणना की त्रुटि के कारण RD 0/290=3.30m width व RD 0/308=3.00m width की average 3.20m(3.30+3.00)/2) आंकी गई थी जबकि वास्तविकता में यह 3.15m बनती है तथा 18m की लम्बाई में लम्बाई चौड़ाई का क्षेत्रफल 57. 60 वर्ग मीटर की अपेक्षा 56.70 वर्ग मीटर तथा यथानुसार कुल क्षेत्रफल 219.85 वर्ग मीटर की अपेक्षा 218.95 वर्ग मीटर बनता है। इस क्षेत्रफल में Excavation in earth P/L CC 1:4:8 & 1:1:5:3 का कार्य 0.20m, 0.15m & 0.23m Depth/Height में किया गया है तथा गणना की

उक्त वर्णित त्रुटि के कारण निम्नविवरण अनुसार ठेकेदार को ₹1856 की राशि का अधिक भुगतान किया गया था जिसकी वसूली अब सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| कार्य मद संख्या/नाम | माप पुस्तिका/पृ0सं0 | गणना जिसका भुगतान किया गया | सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था | अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा | दर प्रति घन मीटर (₹) में | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 Excavation in earth work | 66/14 | 219.85sqmx0.20m=43.97cum | 218.95sqmx0.20m=43.79cum | 0.18cum | 280 per cum | 50 |
| 2 P/L CC 1:4:8 | 66/14 | 219.85 sqmx0.15m=32.97cum | 218.95sqmx0.15m=32.84cum | 0.13 cum | 3990 per cum | 519 |
| 3 P/L CC 1:1:5:3 | 66/15 | 219.85sqmx0.23m=50.58cum | 218.95sqmx0.23m=50.36cum | 0.22 cum | 5850 per cum | 1287 |
| | | | **कुल जोड़** | | | **1856** |

**28 ठेकेदार का नामः– Sh. Mainudin Ansari**

वाउचर संख्या 20 दिनांक 4.4.13 राशि ₹1024894

कार्य का नामः– C/O RR Masonary wall near MIG 181-186 Sector 4, Parwanoo

चलत बिल संख्याः– 1st & Final

माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 30 से 33 तक

### (1) गलत गणना के कारण ठेकेदार को राशि ₹0.05 लाख का अधिक भुगतानः–

कार्य मद संख्या 5 (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 33 Abstract of cost)"P/L CC 1:2:4 excluding the cost of form work & curing complete etc" की कुल कार्य प्रमात्रा 9.28 घन मीटर का ₹4360/– प्रति घन मीटर की दर से ठेकेदार को ₹40460/– की राशि का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 32 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि निम्न विवरण अनुसार गणना में त्रुटि के

कारण 1.22 घन मीटर कार्य प्रमात्रा का ठेंकेदार को अधिक भुगतान किया गया था जोकि ₹5319 बनता है जिसकी वसूली अब सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| **गणना जिसका भुगतान किया गया** | **सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था** | **अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा** | **दर प्रति घन मी0 (₹) में** | **अधिक भुगतान की राशि (₹) में** |
|---|---|---|---|---|
| 1x3.30x3.70x0.20= 2.44 cum | 1x3.30x3.70x0.10= 1.22 cum | 1.22 cum | 4360 | 5319 |

**(2) माप की गलत गणना के कारण ठेकेदार को ₹3843/– की राशि का अधिक भुगतानः–**

कार्य मद संख्या 2 (माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 32 Abstract of cost) "P/L CC in 1:6:12 excluding the cost of form work & curing compete etc" की कुल कार्य प्रमात्रा 11.38 घनमीटर का ₹3150/– प्रति घनमीटर की दर से ठेकेदार को ₹35847/– की राशि का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 31 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि वर्णित कार्य की सब लम्बाईयों में P/L CC in 1:6:12 का कार्य 0.10 मीटर की ऊँचाई में किया गया था जबकि निम्न वर्णित एक लम्बाई में यह कार्य 0.20 मीटर की ऊँचाई में किया गया जिसका कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है तथा वास्तविकता में यह कार्य भी 0.10 मीटर की ऊँचाई में ही होना चाहिए था ताकि इससे सम्बन्धित किये गये अन्य कार्य की thickness/depth जैसे Excavation in earth work=0.20m & P/L Cc in 1:2:4=0.10 से मेल होता जैसे कि साथ की अन्य लम्बाई में किये गये कार्य से भी स्पष्ट होता है जिसमें निर्माण कार्य Excavation in earth work=0.20m, P/L Cc in 1:6:12 & P/L CC in 1:2:4=0.10 की thickness/depth में किये गये है। अतः माप की गलत गणना की इस त्रुटि के कारण निम्न विवरण अनुसार 1.22 घन मीटर कार्य प्रमात्रा का ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया था जोकि ₹3843/– बनता है जिसका पूर्ण छानबीन उपरान्त या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा भुगतान की राशि की वसूली सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| गणना जिसका भुगतान किया गया | सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था | अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा | दर प्रति घन मी0 (₹) में | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|
| 3.30x3.70x0.20=2.44 cum | 1x3.30x3.70x0.10=1.22 cum | 1.22 cum | 3150 per cum | 3843 |

29 **ठेकेदार का नामः– Sh. Mainudin Ansari**

वाउचर संख्या 55 दिनांक 20.4.13 राशि ₹928332

(1) कार्य का नामः– C/O Children Park Brick Bundary wall near NPS school Sector-4, Parwanoo

चलत बिल संख्याः– 1st & Final

माप पुस्तिका संख्या 68 पृष्ठ 93 से 99 तक

**माप की गलत गणना के कारण ठेकेदार को ₹618 की राशि का अधिक भुगतानः–**

कार्य मद संख्या 4 (माप पुस्तिका संख्या 68 पृष्ठ 98 Abstract of cost) "Brick work in CM in 1:6 etc." की कुल कार्य प्रमात्रा 37.64 घनमीटर का ₹5325 प्रति घनमीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹200433/– का भुगतान किया गया था। कार्य की माप पुस्तिका संख्या 68 पृष्ठ 95 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि 18.35m की लम्बाई में किये जा रहे वर्णित कार्य की चतुर्थ Step में लम्बाई 18.70m ली गई जिस अनियमितता के कारण निम्न विवरण अनुसार ठेकेदार को "Brick work in CM in 1:6 व 15mm thick cement plaster in CM 1:6 both side के कार्य का अधिक भुगतान किया गया था जोकि ₹618/– बनता है जिसका पूर्ण छानबीन उपरान्त या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अधिक भुगतान की राशि की वसूली सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| कार्य मद का नाम व माप पुस्तिका पृ0सं0 | गणना जिसका भुगतान किया गया | सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था | अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा | दर प्रति घन मी0 (₹) में | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 "Brick work in CM in 1:6 etc (P-95) | 18.70x0.213x1.10=4.73cum | 18.35x0.23x1.10 =4.64 cum | 0.09 cum | 5325 per cum | 479 |
| 5 15mm thick cement plaster in CM 1:6 both side (P-96) | 1x2x18.70x1.10 =41.14sqm | 1x2x18.35x1.10 =40.37sqm | 0.77 sqm | 180 per sqm | 139 |
| | | **कुल जोड़** | | | **618** |

**(2) कार्य का नामः–** C/O Children Park near NPS School Sector-4, Parwanoo SH Flower beds & levelling/development of Park

चलत बिल संख्याः– 1st & final

माप पुस्तिका संख्याः– 69 पृष्ठ 4 से 7 तक

**दोहरे माप की गणना की त्रुटि के कारण ठेकेदार को ₹1711 की राशि का अधिक भुगतानः–**

कार्य मद संख्या 1 (माप पुस्तिका संख्या 69 पृष्ठ 5 Abstract of cost) "Cutiing in earth work etc" की कुल कार्य प्रमात्रा 240.41 घनमीटर का ₹255/– प्रति घनमीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹61305/– का भुगतान किया गया था। कार्य की माप पुस्तिका संख्या 69 पृष्ठ 5 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि निम्न विवरण अनुसार 6.71 घन मीटर में किये गये मिटटी की खुदाई के कार्य की प्रमात्रा इसी मद की साथ में दर्ज की गई परिमाप की प्रविष्टी 1x21.75+22.30x17.45+13. 25/2x0.30= 101.40 cum में भी दोबारा शामिल की गई थी जिस अनियमितता के कारण ठेकेदार को 6.71 घन मीटर कार्य प्रमात्रा का ₹255/– प्रति घनमीटर की दर से ₹1711 की राशि का अधिक भुगतान किया गया था जिसका छानबीन उपरान्त पूर्ण औचित्य स्पष्ट न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा

भुगतान की राशि की वसूली सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

1x21.75x0.30x0.30=1.95cum

1x17.45x0.30x0.30=1.57 cum

1x22.30x0.30x0.30=2.00cum

1x13.25x0.30x0.30=1.19cum

Total qty 6.71 cum

(3) कार्य का नामः– C/O RR Masonary R/wall at Sector-4, Parwanoo for Park near NPS school

चलत बिल संख्याः–1st & Final

माप पुस्तिका संख्याः– 68 पृष्ठ 88 से 92 तक

**माप की गलत गणना के कारण ठेकेदार को राशि ₹0.05 लाख का अधिक भुगतानः–**

कार्य मद संख्या 5 (माप पुस्तिका संख्या 68 पृष्ठ 90 Abstract of cost) "Boulder/stone filling behind R/wall etc" की कुल कार्य प्रमात्रा 26.88 घनमीटर का ₹1150/– प्रति घनमीटर की दर से ठेकेदार को ₹30912/– की राशि का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 68 पृष्ठ 95 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि लम्बाई 18.75 मीटर में यह कार्य 2.00 मीटर की ऊँचाई में किया गया था जोकि उचित प्रतीत नहीं होता क्योंकि इस लम्बाई में रिटेनिंग वाल के निर्माण हेतु excavation in earth work 1.20 मीटर में P/L CC 1:6:12 & 1:4:8 0.30 & 0.30 मीटर में तथा R/wall masonry 2.20 मीटर की ऊँचाई/गहराई मे किया गया था जिससे स्पष्ट होता है कि R/Wall masonry का 2.20 मीटर में किया गया कार्य 0.60 मीटर धरातल से नीचे व 1.60 मीटर धरातल से ऊपर किया गया था तथा इस प्रकार धरातल से ऊपर निर्मित R/Wall के पीछे ही Boulder/Stone filling का कार्य 1.60 मीटर की ऊँचाई तक ही सम्भव था। यह तथ्य दूसरी लम्बाई 3.65 मीटर में किये गये वर्णित निर्माण कार्य से भी स्पष्ट हो जाता है जिस हेतु excavation in earth work 1.20 मीटर में P/L CC 1:6:12 & 1:4:8 0.30 & 0.30 मीटर में तथा R/wall masonry 2.75 मीटर की ऊँचाई/गहराई में किया गया था अर्थात R/Wall masonry का कार्य 0.60 मीटर धरातल से नीचे व 2.15 मीटर धरातल से ऊपर किया गया था और Boulder/Stone filling का कार्य यथानुसार धरातल से ऊपर किये

गये R/wall masonry के कार्य के बराबर 2.15 मीटर में किया गया था। अतः माप में गणना की इस अनियमितता के कारण निम्न विवरण अनुसार ठेकेदार को ₹5175 का अधिक भुगतान किया गया था जिसे पूर्ण छानबीन उपरान्त पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए या तो न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अधिक भुगतान की राशि की वसूली सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| कार्य मद का नाम व माप पुस्तिका पृ0सं0 | गणना जिसका भुगतान किया गया | सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था | अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा | दर प्रति घन मी0 (₹) में | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 boulder/stone filling behind R/wall P-90) | 18.75x0.60x2.00 =22.50cum | 18.75x0.60x1.60= 18.00cum | 4.50 cum | 1150 per cum | 5175 |

**30 ठेकेदार का नामः— Sh. Sanjay Kumar Garg**

वाउचर संख्या 61 A, दिनांक 25.4.13 राशि ₹282973

(1) कार्य का नामः— C/O Painting/white washing of existing HIMFED building Sector 1, Parwanoo

अनुबन्ध/आंबटन पत्र संख्याः— MC PWN/Award Letter/2012-1620 dated 5.9.12 for ₹68110

चलत बिल संख्या 2nd & Final

माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 62 से 70 तक (R/E) & 69 पृष्ठ 8 से 10 तक (Abstract)

**(1) गलत गणना के कारण ठेकेदार को ₹1355/— की राशि का अधिक भुगतानः—**

कार्य मद संख्या 3 (माप पुस्तिका संख्या 69 पृष्ठ 9 Abstract of Cost) "Distempering (two coat) with oil bound distemper etc" की कुल कार्य प्रमात्रा 1414.35 वर्ग मीटर 1509.79.ded 95.44) का ₹27 प्रति वर्ग मीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹38187/— का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 62 से 66 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि गणना की त्रुटि के

कारण निम्न विवरण अनुसार ठेकेदार को ₹1856 की राशि का अधिक भुगतान किया गया था जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| **विवरण** | **गणना जिसका भुगतान किया गया Sqm में** | **सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए थाsqm में** | **अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा sqm में** | **दर प्रति घन मी0 (₹) में** | **अधिक भुगतान की राशि (₹) में** |
|---|---|---|---|---|---|
| Bath room wall (MB67P-64) | 2x1x2.90x0.90 =52.20 | 2x1x2.90x0.90 =5.22sqm | 46.98 | 27 | 1268 |
| Deduction toilet door (MB 67 P-65) | 2x0.85x2.00= 1.70 | 2x0.85x2.00= 3.40 | 1.70 | 27 | 46 |
| Deduction W (MB 67 P-66) | 2x1.30x1.15= 1.49 | 2.1.30x1.15= 1.49 | 1.50 | 27 | 41 |
| | | **कुल जोड़** | **50.18** | **27 per sqm** | **1355** |

**(ii) योग की गणना में त्रुटि के कारण ठेकेदार को ₹423/– की राशि का अधिक भुगतानः–**

**(क)** कार्य मद संख्या 2 (माप पुस्तिका संख्या 69 पृष्ठ 9 Abstract of cost) "Finishing wall with water proofing paint/emulsion of approved design etc." की कुल कार्य प्रमात्रा 950.60 वर्ग मीटर का ₹29 प्रति वर्ग मीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹27567 का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 66 से 68 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि योग की गणना में त्रुटि के कारण निष्पादित कार्य प्रमात्रा 950.60 वर्ग मीटर की अपेक्षा 936.02 वर्ग मीटर बनता है तथा इस प्रकार 14.58 वर्ग मीटर कार्य प्रमात्रा का ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया था जोकि ₹29 प्रति वर्ग मीटर की दर से ₹423 बनता है जिसकी वसूली अब सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ख)** उक्त (क) में वर्णित कार्य मद की कुल प्रमात्रा में से खिड़कियों/दरवाजों/रोशनदान की कोई deduction नहीं की गई थी जिस सम्बन्ध में पूर्ण छानबीन उपरान्त वस्तुस्थिति का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## (iii) गलत गणना के कारण ठेकेदार को ₹97/– की राशि का अधिक भुगतानः–

कार्य मद संख्या 4 (माप पुस्तिका संख्या 69 पृष्ठ 10 Abstract of cost) "Painting two coat excluding primary coat on new wood & wood based surfaces etc." की कुल कार्य प्रमात्रा 197 वर्ग मीटर का ₹26 प्रति वर्ग मीटर की दर से ठेकेदार को ₹5122/– की राशि का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 68 से 70 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि गणना की त्रुटि के कारण निम्न विवरण अनुसार ठेकेदार को ₹97 की राशि का अधिक भुगतान किया गया था जिसकी वसूली अब सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| **विवरण** | **गणना जिसका भुगतान किया गया Sqm में** | **सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था sq m में** | **अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा sq m में** | **दर प्रति घन मीटर (₹) में** | **अधिक भुगतान की राशि (₹) में** |
|---|---|---|---|---|---|
| Terrace (MB 67 P-64) | 1x2.20x0.90=5.71 | 1x2.20x0.90=1.98 | 3.73 | 26 per sqm | 97.00 |

## (iv) कार्य मदों के वास्तविक निष्पादन के बिना ही ठेकेदार को राशि ₹0.57 लाख की राशि का संशयपूर्ण भुगतानः–

वर्णित निर्माण कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 62 से 70 तक पर दर्ज रिकार्ड प्रविष्टियों तथा उससे सम्बन्धित माप पुस्तिका संख्या 69 पृष्ठ 8 से 10 तक पर दर्ज Abstract of cost के मिलान सम्बन्धी अंकेक्षण कार्य के दौरान पाया गया कि Abstract of cost में निम्न वर्णित कार्य मदों की निष्पादित कार्य प्रमात्रा के अग्रेषण सम्बन्धी जो माप पुस्तिका संख्या व पृष्ठ का विवरण दिया गया था वहाँ पर कार्य निष्पादन की कोई भी रिकार्ड प्रविष्टियों माप पुस्तिका में दर्ज नहीं थी। इसके अतिरिक्त item "Primary coat over CGI sheets" तो DNIT का हिस्सा भी नहीं थी। इन वर्णित तथ्यों से संशय होता है कि इन कार्य मदों का

ठेकेदार को वास्तविक निष्पादन के बिना ही निम्न विवरण अनुसार अनियमित भुगतान किया गया है जिसे पूर्ण छानबीन उपरान्त पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए या तो न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अनियमित भुगतान की राशि की वसूली सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| **माप पुस्तिका संख्या व पृष्ठ** | **कार्य मद का नाम व संख्या** | **कार्य प्रमात्रा जिसका भुगतान किया गया** | **दर प्रति वर्गमीटर (₹) में** | **अधिक भुगतान की राशि (₹) में** |
|---|---|---|---|---|
| 69 P-9 Abstract 67 P-66 & 68 R/E | 1 Applying Birla wall care Putty to give fair finish | 2364.95sqm | 20 | 47299 |
| 69 P-10 Abstract 67 P-68 R/E | 4/E.I Primary coat over CGI Sheets | 665.88sqm | 15 | 9988 |
| | | | **कुल जोड़** | **57287** |

**(2) कार्य का नामः–** C/O Providing Painting Distempering to all the existing parks in MC PWN Sector 1, 1A, 3, 4, 6& grills/railings

अनुबन्ध/आंबटन पत्र संख्याः– MC PWN/Award Letter/2012-1614 dated 5.9.12 for ₹268360

चलत बिल संख्या 1st & Final

माप पुस्तिका 69 पृष्ठ 11 से 13 तक (Abstract)

**(ii) गलत गणना के कारण ठेकेदार को ₹1083/– की राशि का अधिक भुगतानः–**

**(क)** कार्य मद संख्या 1 (माप पुस्तिका संख्या 69 पृष्ठ 12 Abstract of cost) "Finishing wall with weather proof exterior grade emulsion of approved design etc" की कुल कार्य प्रमात्रा 2274.19 वर्ग मीटर का ₹29 प्रति वर्ग मीटर की दर से ठेकेदार को राशि ₹65952 का भुगतान किया गया था। इस कार्य की माप पुस्तिका संख्या 67 पृष्ठ 72 से 76 पर दर्ज विस्तृत प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर विदित हुआ कि गणना की त्रुटि के कारण निम्न विवरण अनुसार ठेकेदार को ₹641/– की राशि का अधिक भुगतान किया गया था

जिसकी वसूली अब सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| विवरण | गणना जिसका भुगतान किया गया (Sqm) में | सही गणना जिसका भुगतान किया जाना चाहिए था (Sqm) में | अधिक भुगतान की कार्य प्रमात्रा (Sqm) में | दर प्रति घनमीटर (₹) में | अधिक भुगतान की राशि (₹) में |
|---|---|---|---|---|---|
| Toilet ceiling (MB 67 P-72) | 3.00x1.85=5.95 | 3.00x1.85=5.55 | 0.40 | | |
| Front gate piller, children park near goal market sector 1, PWN (MB 67 P-75) | 2x1x1.55x0.90=5.89 | 2x1x1.55x0.90=2.79 | 3.10 | | |
| Path side steps (MB 67 P-75) (MB 67 P-76) | 1x1.60x0.20=1.28<br>1x5.60x0.35=19.60 | 1x1.60x0.20=0.32<br>1x5.60x0.35=1.96 | 0.96<br>17.64 | | |
| | | **कुल जोड़** | **22.10** | **29 per sqm** | **641** |

